51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 20.2°c | अधिकतम 36.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:55, सूर्यास्त : 6:44 | वर्ष : 51/ अंक : 101 | बृहस्पतिवार, 13 अप्रैल 2023 | बैसाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

अगर दो व्यक्तियों के बीच में कभी लड़ाई न हो तो समझ लेना कि रिश्ता दिल से नहीं दिमाग से निभाया जा रहा है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

इस चुनाव के बाद अखिलेश देश छोड़कर चले जाएंगे, रालोद सिर्फ एक सीट की पार्टी : संगीत सोम



स्थानीय निकाय चुनाव के बाद जाएंगे या लोकसभा चुनाव के बाद?......

# गठबंधन में सीटों का बंटवारा फाइनल

▶ जिले की दस निकायों में सपा को तीन सीट, रालोद को पांच, चन्द्रशेखर दो सीटों पर उतारेंगे प्रत्याशी ▶ मुजफ्फरनगर पालिका, चरथावल और जानसठ में सपा सिंबल पर लड़ेगी चुनाव ▶ खतौली पालिका, मीरापुर, बुढ़ाना, शाहपुर और सिसौली पर रालोद उतारेगी चेयरमैन प्रत्याशी ▶ भोकरहेड़ी और पुरकाजी नगर पंचायत में सपा-रालोद के साथ मिलकर आसपा प्रत्याशी लड़ेगा चुनाव

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** नगरीय निकाय चुनाव में जिले की दो नगर पालिकाओं और आठ नगर पंचायतों को लेकर सपा, रालोद और आसपा गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर लगभग सहमति बन गई है। सूत्रों का दावा है कि मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद् के साथ ही चरथावल और जानसठ नगर पंचायतों में चेयरमैनी के लिए सपा अपने सिंबल पर प्रत्याशी उतारेगी। जबकि रालोद खतौली नगरपालिका समेत पांच निकाय सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगा। चन्द्रशेखर की पार्टी आसपा के हिस्से में भी दो नगर पंचायतों के आने की बात सामने आ रही है।

खतौली विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा के सामने सपा, रालोद और आजाद समाज पार्टी (आसपा) का राजनीतिक प्रयोग सफल होने के बाद अब यूपी निकाय चुनाव में भी इस त्रिकोणीय गठबंधन के फार्मूले को आजमाने की सहमति सपा और रालोद में लगभग बन चुकी है। सूत्रों की माने तो इसमें मुजफ्फरनगर की दो पालिकाओं सहित दस नगरीय निकायों में चेयरमैन पद के लिए होने जा रहे चुनाव में सीटों का बंटवारा भी लगभग तय हो गया। जिले की सबसे प्रतिष्ठित मुजफ्फरनगर नगर पालिका को इस बार समाजवादी पार्टी ने अपने कोटे में रखा है। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में सदर सीट गठबंधन के तहत रालोद के हिस्से में आई थी। दुर्भाग्य से रालोद के टिकट पर लड़े सौरभ स्वरूप उर्फ बंटी चुनाव हार गये थे। इसी के चलते रालोद ने मुजफ्फरनगर पालिका पर भी अपना दावा जताया था, लेकिन समाजवादी पार्टी ने इस बार मुजफ्फरनगर पालिका में अपना उम्मीदवार लड़ाने का फैसला लिया है। दरअसल, इस पालिका में बीते दो चुनावों से कांग्रेस बाजी मारती आ रही है। पिछले चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीती अंजू अग्रवाल बाद में भाजपा में शामिल हो गयी थी। नये परिसीमन में भाजपा, सपा, कांग्रेस और बसपा भी इस सीट को हथियाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। भाजपा के लिए यहां पर लगातार दो चुनाव हारने के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक सपा ने मुजफ्फरनगर पालिका के अलावा चरथावल और जानसठ नगर पंचायत को अपने हिस्से में रखा है। सीमा विस्तार के बाद चरथावल विधानसभा क्षेत्र से जुड़े कई गांव पालिका क्षेत्र में आने के कारण भी सपा ने इस पर मजबूत दावा किया है, क्योंकि चरथावल सीट पर सपा प्रत्याशी पंकज मलिक ने भाजपा को परास्त कर जीत हासिल की थी। बताया गया है कि पालिका चुनाव में इस सीट के चुनाव के लिए सपा हाईकमान ने पंकज मलिक को भी बड़ी जिम्मेदारी दी है। इन तीनों चेयरमैन पद की सीटों पर गठबंधन से सपा अपने सिंबल पर प्रत्याशी ला रही है।

शेष खबर-पृष्ठ-4 पर

## 14 अप्रैल को नामांकन कर सकते हैं सपा उम्मीदवार

**मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद् के अध्यक्ष पद को लेकर वैसे तो अभी तक भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। सपा-रालोद गठबंधन की ओर से सपा के वरिष्ठ नेता राकेश शर्मा की पत्नी लवली शर्मा की दावेदारी को सबसे मजबूत माना जा रहा है। एक दो दिन में इसको लेकर तस्वीर साफ होने की उम्मीद है, लेकिन सूत्र दावा कर रहे हैं कि सपा के अधिकृत उम्मीदवार 14 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।**

## भाजपा टिकट के लिए तीस से अधिक आवेदन पहुंचे

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा में नगर पालिका परिषद चेयरमैन पद पर तीस से अधिक महिला दावेदार मैदान हैं। इनमें मीनाक्षी स्वरूप धर्मपत्नी गौरव स्वरूप, अंशु पुरी धर्मपत्नी कुश पुरी, सुधा राज शर्मा धर्मपत्नी अरविंद राज शर्मा, अंजू बाठला धर्मपत्नी अशोक बाठला, अंजू अग्रवाल निवर्तमान चेयरमैन, ममता अग्रवाल धर्मपत्नी दीप अग्रवाल मूलचंद रिजॉर्ट, डोली गोयल धर्मपत्नी कुलदीप गोयल, गीता जैन, सुनीता शुक्ला धर्मपत्नी विजय शुक्ला जिला अध्यक्ष भाजपा, रेनू गर्ग धर्मपत्नी राजीव मोहन गुप्ता, मितिका गर्ग धर्मपत्नी संजय गर्ग जिला उपाध्यक्ष भाजपा, साधना सिंघल भाजपा नेत्री, बबीता तायल धर्मपत्नी श्री मोहन तायल, डॉक्टर श्वेता कौशिक धर्मपत्नी शलभ कौशिक एडवोकेट, दीपिका गोयल धर्मपत्नी राहुल गोयल के संस, डॉक्टर तुलसी भारद्वाज धर्मपत्नी जगदीश शरण, सरिता शर्मा अरोरा भाजपा नेत्री, शालिनी शर्मा धर्मपत्नी डॉक्टर आशुतोष शर्मा, रीना अग्रवाल धर्मपत्नी अजय अग्रवाल सीए, बबीता गुप्ता धर्मपत्नी मुकुट कुमार गुप्ता, सुनीता शर्मा धर्मपत्नी स्वर्गीय सलेक चंद, सरिता गौड भाजपा नेत्री, एकता गुप्ता भाजपा नेत्री, हिमानी शर्मा धर्मपत्नी पुनीत वशिष्ठ, उषा शर्मा धर्मपत्नी भगवान शर्मा, अलका अग्रवाल धर्मपत्नी संजय अग्रवाल व रक्षंदा गुप्ता धर्मपत्नी विकास अग्रवाल के नाम शामिल हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने बताया कि अभी तक तीस से अधिक आवेदन इस पद के लिए आ चुके हैं और अभी आवेदन आ रहे हैं।

## अभी रालोद के पास रहेगा नल का निशान

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश में होने जा रहे नगर निकाय चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल के उम्मीदवार हैंडपंप चुनाव चिन्ह पर ही चुनाव लड़ेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग में राष्ट्रीय लोकदल मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के रूप में पंजीकृत है और राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कोई भी रिव्यू नहीं किया गया है। दरअसल, एक दिन पहले ही रालोद का राज्य स्तर पार्टी का दर्जा भारत निर्वाचन आयोग ने समाप्त कर दिया था। ऐसे में चुनाव चिह्न को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे थे। ऐसे में रालोद के सामने यह संकट खड़ा हो गया है कि यदि उसका चुनाव चिह्न हैंडपंप उसे नहीं मिला तो चुनाव में मुश्किल हो सकती है। इस पर जयंत चौधरी ने निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर यह मांग की थी कि उसके प्रत्याशियों को हैंडपंप चुनाव चिह्न ही इस चुनाव में दिया जाए।

## दिल्ली के स्कूल में बम की सूचना से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी इलाके में स्थित एक स्कूल को आज ईमेल के जरिए कैंपस में बम होने की सूचना मिली। इस सूचना से पूरे स्कूल में हड़कंप मच गया और आनन-फानन स्कूल को खाली करा लिया गया है। बम निरोधी दस्ते के बाद अब स्वाट टीम भी स्कूल पहुंची। जानकारी के अनुसार बीआरटी रोड पर स्थित इंडियन स्कूल को आज सुबह 10.49 बजे एक मेल मिला। उसके सबजेक्ट में बम की धमकी की बात लिखी थी। मेल मिलते ही स्कूल प्रशासन सकते में आ गया और तुरंत पुलिस को सूचना देने के साथ ही स्कूल को खाली करा लिया गया। पुलिस बम शिनाख्त और निरोधी दस्ते के साथ स्कूल पहुंची। बच्चों के अभिभावक भी स्कूल पहुंच गए हैं। हालांकि बम मिलने की धमकी गलत निकली।

## दुकान में चोरी करते हुए पकड़े गए नेताजी

**मुजफ्फरनगर ।** सदर बाजार स्थित एक फेमस कॉस्मेटिक दुकान का मालिक पिछले काफी समय से दुकान में हो रही चोरी से परेशान था। कई-कई सीसीटीवी लगवाने के बाद भी चोर पकड़ में नहीं आ पा रहे थे, जिसको लेकर दुकान मालिक और स्टाफ पूरी तरह से चैकन्ना हो चुका था। बुधवार दोपहर को एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति दुकान पर पहुंचा, तो शक होने पर उस पर नजर रखी गई। शक के दायरे में आए व्यक्ति ने वैसलीन, ब्लीच और क्रीम की ट्यूब जेब में रखने के अलावा बाकी सामान एक डलिया में रखकर बिल बनवाने को कहा। सीसीटीवी कैमरे से निगरानी कर रहे दुकान मालिक ने आरोपी को रंग हाथ पकड़ लिया और गलती मानने को कहा, लेकिन आरोपी गलती मानने के बजाए रौब झाडने लगा, जिस पर दुकानदार और स्टाफ ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। सूत्रों ने बताया कि आरोपी एक गांव का पूर्व प्रधान है। आरोपी नेता पूर्व में भी 1050 रुपये और 1400 कीमत की ब्रांडेड क्रीम ले जा चुका है, जिसके बाद मौके पर पुलिस बुलाई गई, लेकिन आरोपी नेता द्वारा मान-सम्मान की दुहाई और हाथ जोड़कर माफी मांगने के बाद उसे छोड़ दिया गया।

## लापता हेड कांस्टेबल की बाइक गंगा में मिली

**मेरठ, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** सरधना क्षेत्र के पोहल्ली गांव निवासी दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल गोपीचंद का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस परिजनों के साथ सिपाही की तलाश में जुटे हुए हैं। वहीं, बुधवार को हस्तिनापुर क्षेत्र के गांव सिरजेपुर के समीप गंगा से सिपाही की बाइक बरामद हुई। सरधना थाना क्षेत्र के गांव पोहल्ली निवासी गोपीचंद पुत्र नत्थन दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। इस समय उसकी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर ड्यूटी लगी हुई थी। वहीं, गोपीचंद फिलहाल आठ अप्रैल तक की छुट्टी पर आया हुआ था। बीती 26 मार्च को वह घर से बाहर निकले और फिर वापस नहीं लौटे। 26 मार्च से लापता चल रहे सिपाही की बाइक हस्तिनापुर क्षेत्र के गांव सिरजेपुर के समीप गंगा से मिली है।

## अध्यक्ष पद पर पुरकाजी से फारूकी व चरथावल से सतेन्द्र ने ठोकी ताल

▶ जिले में अध्यक्ष पद के लिए दो व सदस्य पद पर एक नामांकन ▶ दूसरे दिन अध्यक्ष पद के 43 व सदस्य के 338 ने लिए प्रपत्र



मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)। नगर निकाय चुनाव की शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन मुजफ्फरनगर जनपद में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल करते हुए चुनावी समर में ताल ठोंक दी है। नामांकन प्रक्रिया के बीच अध्यक्ष पद के लिए दो और सदस्य पद के लिए केवल एक नामांकन दाखिल हुआ। अध्यक्ष पद पर चरथावल से एक और पुरकाजी से एक नामांकन दाखिल हुआ है। वहीं सदस्य पद के लिए केवल खतौली में एक नामांकन दाखिल हो पाया है। जनपद में शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के बीच दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए 43 और सदस्य पद के लिए 338 दावेदारों ने प्रपत्र लिए हैं। बुधवार को सदर तहसील में शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के बीच दूसरे दिन पुरकाजी नगर पंचायत से अध्यक्ष पद पर जहां एक ओर जहीर अहमद फारूकी ने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए बाजी मारी है। वहीं चरथावल नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सतेन्द्र कुमार ने सदर तहसील में पहुंच नामांकन पत्र जमा किया। इसके अलावा जिले की खतौली नगर पालिका परिषद में सदस्य पद के लिए एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया। बुधवार को नामांकन के दूसरे दिन मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए किसी भी प्रत्याशी के द्वारा नामांकन नहीं किया गया। हालांकि दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। पालिका परिषद आरओ एवं नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने बताया कि दूसरे दिन रेशमा परवीन और रोशन जहां ने नामांकन पत्र खरीदते हुए पार्टी का नाम बसपा बताया गया है। वहीं आयशा ने नामांकन पत्र खरीदते हुए पार्टी का नाम कांग्रेस बताया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है। उधर, तहसील सदर में पुरकाजी नगर पंचायत के आरओ एवं एसडीएम सदर परमानंद झा ने बताया कि पुरकाजी के नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए दूसरे दिन जहीर अहमद फारूकी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं सदर तहसील में ही चरथावल नगर पंचायत के आरओ एवं डीडीओ मत्स्यनाथ द्विवेदी ने इस संबंध में बताया कि नगर पंचायत चरथावल में अध्यक्ष पद के लिए सतेन्द्र कुमार द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया है। ऐसे में जिले में बुधवार को दस निकायों में से मात्र दो नगर पंचायत पर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया गया। नगर निकाय चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन दस निकायों में से मात्र 2 निकायों में अध्यक्ष पद के लिए खाता खुला है, शेष आठ निकायों में किसी भी प्रत्याशी के द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी सूचना में जिले की मुजफ्फरनगर नगर पालिका के लिए बुधवार को 228, नगर पंचायत पुरकाजी में 54, नगर पंचायत चरथावल में 45 और नगर पालिका खतौली में 73 पर्चे बिके। वहीं नगर पंचायत जानसठ में 57, नगर पंचायत मीरांपुर में 52, नगर पंचायत भोकरहेड़ी में 18, नगर पंचायत बुढ़ाना में 24, नगर पंचायत शाहपुर में 65 और नगर पंचायत सिसौली में 8 पर्चे खरीदे गए।

# यूपी में स्कूल, दफ्तर, अस्पताल, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थानों पर मास्क अनिवार्य

**लखनऊ, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** यूपी में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ने के बाद राजधानी लखनऊ में 7 महीने बाद बुधवार को एक दिन में 97 पॉजिटिव केस मिले हैं। इसके बाद लखनऊ प्रशासन ने कोरोना को लेकर नई गाइडलाइन जारी कर दी। इसमें स्कूल, दफ्तर, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और पब्लिक प्लेस पर मास्क को अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही हाथ नहीं मिलाने की भी बात कही गई है। हालांकि, मास्क नहीं लगाने पर किसी जुर्माने का अभी प्रावधान नहीं किया गया है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय से देश के विभिन्न राज्यों में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्तमान में देश में 38 हजार से अधिक एक्टिव केस हैं, हालांकि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। यहां न केवल पॉजिटिविटी दर कम है, बल्कि जो कोविड पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं, उनकी स्थिति भी सामान्य है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति घबराने की नहीं सतर्क और सावधान रहने की है। उन्होंने कहा कि एहतियात के तौर पर अस्पतालों में मास्क अनिवार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 1791 एक्टिव केस हैं और अप्रैल माह में अब तक पॉजिटिविटी दर 0.65 प्रतिशत रही है। पिछले अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक होगा कि हम हर स्तर पर सतर्क रहें। हमें अलर्ट मोड में रहना होगा। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा और मेरठ जनपद में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कोविड के हर संदिग्ध मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जिलों में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए।

### अगले 10 दिनों तक बढ़ेंगे केस, फिर आने लगेगी गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच राहत वाली खबर आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, देश में कोरोनावायरस अब खत्म होने की कगार पर है। यह जल्द ही सर्दी-जुकाम जैसे वायरल जैसा हो जाएगा। अगले 10 दिनों तक कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जाएगी। इसके बाद मामले कम होने लगेंगे। बताया गया कि देश में भले ही कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं, अस्पताल में भर्ती होने के हालात कम बन रह हैं। मामलों में मौजूदा वृद्धि बीबी1.16 वैरिएंट की वजह से हो रही है। यह ओमिक्रॉन का सब-वैरिएंट है।

## जनपद में मिले तीन कोरोना संक्रमित, एक्टिव केस हुए आठ

▶ मुख्यालय के साथ पुरकाजी व खतौली में मिले नए संक्रमित

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** बीते कई दिनों से शांत से पड़े जनपद में कोरोना का कहर बुधवार को फिर से टूट पड़ा है। ऐसे हालातों में जिले में तीन नए कोरोना पॉजिटिव मरीजों की जांच रिपोर्ट आने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप सा मचा है। हालांकि इस बीच कोरोना के मरीजों की संख्या एक-दो से अधिक न आना पूर्व में राहत की बात थी। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से इससे घबराने के बजाए एहतियात बरतने, सोशल डिस्टेंस व मास्क का प्रयोग करने की सलाह दी है। बुधवार को इन्हीं हालातों में नगर क्षेत्र में मिले एक नए कोरोना पॉजिटिव के अलावा खतौली व पुरकाजी में नए संक्रमित केस के प्रकाश में आने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या अब 8 रह गई है। स्वास्थ्य विभाग ने सुरक्षा कारणों से सभी संक्रमित मरीजों को इस दौरान घर में रहने की सलाह के साथ इलाज शुरू कर दिया है। देश-प्रदेश के साथ जनपद में कोरोना का प्रकोप जिले में फिर से बढ़ने लगा है। हालांकि इस बीच कोरोना संक्रमित मरीजों में खांसी-जुखाम के साथ हल्के बुखार के लक्षण दिखाई दिए हैं। बुधवार को सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार ने बताया कि जनपद में कोरोना के तीन नए संक्रमित मरीज मिले हैं, जिन्हें घर पर ही आइसोलेट किया गया है। उन्होंने बताया कि अब जिले में कोरोना पॉजिटिव केसों की संख्या 8 रह गई है।

## दो लाख से अधिक नकदी लिए पकड़े गए तो देना होगा हिसाब

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** चुनावी आचार संहिता लागू होने के बाद अब बिना हिसाब किताब के नकदी लेकर चलना भी मुश्किल में डाल सकता है। दो लाख से अधिक की नकदी पकड़े जाने पर इसे ले जाने वालों पर कार्रवाई होगी। निकाय चुनाव के लिए घोषित अधिसूचना के साथ ही जनपद में पुलिस प्रशासन ने कड़ी निगरानी की व्यवस्था के लिए टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। आदर्श आचार संहिता के तहत पैसे के मामलों पर निगरानी रखने के लिए जिलाधिकारी ने फ्लाइंग स्क्वायड व मजिस्ट्रेटों को सख्त चैकिंग करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही डीएम ने स्पष्ट कहा है कि दो लाख रुपये की नगदी के साथ पकड़े जाने वालों से उक्त नकदी का हिसाब लिया जाये और हिसाब नहीं देने पर रकम जब्त कर ली जाये। हिसाब ना मिलने पर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसी नकदी को जब्त करने के बाद संबंधित व्यक्ति को इसका हिसाब देना होगा। ऐसा न होने पर बेहिसाब पैसे को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिले की सीमाओं पर भी चैकिंग बढ़ाने के आदेश डीएम और एसएसपी ने दिए हैं।

# भाजपा के जिला कार्यालय प्रभारी के विरुद्ध मीरापुर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

▶ न्यायालय के आदेश पर हुआ मुकदमा दर्ज ▶ एक महिला ने दस लाख हड़पने व लाइसेंसी रिवॉल्वर से धमकाने का आरोप लगाया।

**मीरापुर, 12 अप्रैल (बु.)।** भाजपा के जिला कार्यालय प्रभारी व उसके भाई भाभी पुत्र व माँ के विरुद्ध एक महिला ने दस लाख रुपये हड़पने व लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली चलाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मुजफ्फरनगर की भरतिया कॉलोनी निवासी महिला महेन्द्री ने भाजपा के जिला कार्यालय प्रभारी मनीष ऐरन पर आरोप लगाया है कि मनीष ऐरन का उसके पति जयवीर सिंह से एक प्लाट को लेकर विवाद चल रहा था, जिसका दो वर्ष पूर्व लिखित समझौता हो गया था, जिसमें कुछ रकम के बदले उक्त प्लॉट का बैनामा जयवीर सिंह को होना तय हुआ था। आरोप है कि जिसके बाद मनीष ऐरन ने फैसले के अनुरूप जयवीर से अपने पुत्र देवांक व माँ प्रभा के खाते में आरटीजीएस से दस लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए तथा इसके बाद अपने भाई संदीप ऐरन, भाभी श्रुति ऐरन, पुत्र देवांक ऐरन तथा माँ प्रभा ऐरन के साथ मिलकर धोखाधड़ी से प्लॉट का बैनामा करीब छह माह पूर्व अलमासपुर निवासी एक अन्य महिला सुमन पत्नी राजवीर को कर दिया। आरोप है कि जब भाजपा नेता से पैसे मांगे, तो वह धमकी देने लगा। महिला ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व वह अपने परिचितों के साथ सम्भलहेड़ा मंदिर जा रही थी, तभी मनीष अपने कुछ साथियों के साथ वहाँ आया तथा उसे धमकी देते हुए रिवॉल्वर निकालकर उसकी ओर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने का प्रयास किया। न्यायालय के आदेश पर मनीष ऐरन, उसके भाई संदीप ऐरन, पुत्र देवांक, माँ प्रभा व भाभी श्रुति के विरूद्ध मीरापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कुख्यात अनिल दुजाना की कोर्ट में नहीं होगी व्यक्तिगत पेशी

▶ एडीजे शक्ति सिंह ने प्रार्थना पत्र किया खारिज, खाद व्यापारी हत्याकांड में है नामजद

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** अदालत ने छपार में हुए खाद व्यापारी राजीव त्यागी हत्याकांड के मामले में कुख्यात आरोपी अनिल दुजाना और जोगिंदर उर्फ जुगला की व्यक्तिगत पेशी अस्वीकार करते हुए उनका प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। छपार थाना क्षेत्र में वर्ष 2013 में खाद व्यापारी राजीव त्यागी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में अनिल दुजाना और जोगेन्दर उर्फ जुगला आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। अनिल दुजाना इस समय अयोध्या और जोगेन्दर गौतमबुद्ध नगर जेल में बंद है। मुकदमे की सुनवाई एडीजे-7 शक्ति सिंह की कोर्ट में चल रही है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता परविंदर सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों की ओर से कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर व्यक्तिगत पेशी की प्रार्थना की गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में कोर्ट की ओर से एसपी सिटी से सुरक्षित पेशी को लेकर आवश्यक पुलिसबल के संबंध में आख्या मांगी गई थी। बताया कि कोर्ट ने दोनों आरोपियों के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करने के बाद उसे खारिज कर दिया। इसके बाद 18 अप्रैल को दोनों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी कराने का आदेश जारी किया है।

## बीएसएनएल कार्यालय में आग से मची अफरा तफरी

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के घास मंडी स्थित बीएसएनएल कार्यालय में बुधवार दोपहर आग लग गई। आग लगने से कार्यालय में फैला धुंआ फैल गया। इससे कर्मचारियों और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। शहर के घास मंडी में बीएसएनएल कार्यालय है। इसमें ऊपर की मंजिल पर एक निजी अस्पताल ने वार्ड बना रखे हैं। बुधवार दोपहर गर्मी के कारण यहां तैनात कर्मचारियों ने एसी चला दिया। महीनों से बंद एसी चलते ही दीवार से नीचे गिर गया और उसकी वायरिंग में स्पार्किंग से आग लग गयी। जमीन पर बिछे मेट ने आग पकड़ ली। इससे वहां धुंआ फैल गया। कार्यालय में तैनात कर्मचारी तेजी से बाहर भागे। दमकल विभाग को फोन पर सूचना दी गयी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। फायर स्टेशन आफिसर आरके यादव ने बताया कि एसी गिरने से मैट में आग लगी थी। इस पर समय रहते काबू पा लिया गया।

# 'मिट्टी में मिले, अब रगड़े जा रहे': अतीक

**नई दिल्ली, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** उमेश पाल हत्याकांड में साजिश रचने के आरोपों में नामजद माफिया अतीक अहमद को एक बार फिर साबरमती जेल से प्रयागराज लाया गया है। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया जा सकता है। इस दौरान अतीक ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुझे जान से मारने की कोशिश हो रही है। ये पहली बार नहीं है जब अतीक को मौत का डर सता रहा है। इसके पहले भी वह और उसके परिजन इसको लेकर बयान दे चुके हैं।

एक न्यूज चैनल से बातचीत में अतीक ने यहां तक कह दिया, 'माफियागिरी खत्म हो चुकी है। हमारा परिवार मिट्टी में मिल चुका है। अब तो मिट्टी में मिलने के बाद रगड़े जा रहे हैं।' अतीक ने ये भी कहा कि उसके परिवार को परेशान किया जा रहा है। अतीक को मौत का खौफ सता रहा है। उसे उसके परिवार के मारे जाने का डर सता रहा है। मानसिक तौर पर अतीक परेशान होने लगा है। ऐसे में हमने उसकी मानसिक स्थिति जानने के लिए मनोवैज्ञानिक डॉ. हेमा खन्ना से बात की। उनसे जानने की कोशिश की है कि जो अतीक कभी किसी से डरता नहीं था, वो अचानक से इस तरह के बयान क्यों देने लगा है? इसके पीछे क्या कारण है? क्या अतीक टूटने लगा है? उसने कहा कि मुझको परेशान किया जा रहा है। कोई साजिश जेल से रची जा रही है। मेरे पूरा परिवार परेशान है। मैने जेल से किसी को फोन नहीं किया। वहां पर जैमर लगा हुआ है। मैं छह साल से जेल में हूं कैसे साजिश रच सकता हूं। पुलिस मेरे पूरे परिवार को परेशान कर रही है।

### अतीक के चेलों पर छापे : नकदी व नोट गिनने की एक दर्जन मशीनें भी मिली

**प्रयागराज, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** अतीक अहमद के करीबियों के ठिकानों पर कार्रवाई के दौरान ईडी को भारी मात्रा में नकदी के अलावा नोट गिनने की दर्जनों मशीनें भी मिलीं। नकदी के स्रोत के बारे में पूछने पर संतोषजनक जानकारी नहीं देने पर इसे सीज कर जब्त कर लिया गया। जबकि नोट गिनने की मशीनों को भी कब्जे में ले लिया गया। ईडी की अलग अलग टीमें अन्य लोगों के साथ ही बिल्डर संजीव अग्रवाल व कार शोरूम मालिक दीपक भार्गव के घरों व कार्यालयों में भी पहुंची थीं। बिल्डर के सिविल लाइंस स्थित घर में तलाशी के दौरान एक कमरे में नोटों के बंडल मिलने पर अफसर दंग रह गए। उन्होंने पूछा कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में नकदी कहां से आई, तो इसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। तलाशी के दौरान ही वहां एक दर्जन से ज्यादा नोट गिनने की मशीनें भी मिलीं। उधर कार शोरूम मालिक के घर से भी नोटों के बंडल मिले। पूछताछ में घर में मौजूद लोगों ने बताया कि नकदी व्यापार से संबंधित है। हालांकि जब इससे संबंधित साक्ष्य मांगा गया तो वह नहीं दिखा पाए। जिस पर नकदी को सीज कर दिया गया। सूत्रों का कहना है कि कार शोरूम मालिक के घर व शोरूम में भी नोट गिनने की मशीनें मिली हैं। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से माफिया के करीबियों के घर हुई कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। 17 टीमों ने भोर में ही अलग-अलग ठिकानों पर धावा बोला। नींद खुलते ही दरवाजे पर ईडी टीम व सीआरपीएफ जवानों को देख माफिया के करीबी व उनके परिजन भौचक रह गए। हाल यह रहा कि उन्हें कुछ सोचने का भी मौका नहीं मिला।

**रमज़ान-2023**

| इक्कीसवां रोजा-13-04-2023 | | |
|---|---|---|
| सुन्नी | इफ़्तार | शिया |
| 6:45 | | 6:57 |

| बाइसवां रोजा-14-04-2023 | | |
|---|---|---|
| सुन्नी | सहरी | शिया |
| 4:30 | | 4:26 |

evan multi speciality hospital

दिल्ली के श्रेष्ठ विशेषज्ञों से परामर्श, अब आपके शहर मुज़फ़्फ़रनगर में
मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज, नई दिल्ली के सौजन्य से



**डॉ. अनिल धर** - सीनियर कंसल्टेंट - मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ
दिनांक: 14 अप्रैल, 2023 (महीने के हर दूसरे और चौथे शुक्रवार)
समय: सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक

**डॉ. गौतम अग्रवाल** - कंसल्टेंट - हृदय रोग विशेषज्ञ
दिनांक: 15 अप्रैल, 2023 (महीने के तीसरे शनिवार को)
समय: सुबह 11.30 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक

**डॉ. कपिल जैन** - सीनियर कंसल्टेंट - मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ
दिनांक: 19 अप्रैल, 2023 (महीने के पहले और तीसरे बुधवार)
समय: सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक

**डॉ. विभु मित्तल** - एसोसिएट डायरेक्टर - पेट सम्बंधित रोग विशेषज्ञ
दिनांक: 20 अप्रैल, 2023 | महीने के तीसरे बृहस्पतिवार
समय: दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक

इवान हॉस्पिटल, भोपा रोड, मुज़फ़्फ़रनगर

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
8218 149 646, 8791 332 331

मैक्स हेल्थकेयर

www.maxhealthcare.in

## चैकिंग के दौरान चोरी की बाइक सहित पुलिस ने एक युवक दबोचा



**भोपा, 12 अप्रैल (बु.)।** ककरौली थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ककरौली पुलिस द्वारा तेवड़ा बाग पर चैकिंग के दौरान एक बाइक सवार को रोकने पर बाइक के कागज दिखाने को कहा जिस पर युवक बाइक के कागज दिखाने में नाकाम रहा। बाइक के नंबर की चैकिंग की गई तो बाइक चोरी की पाई गई। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेते हुए पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम मोहित पुत्र पालु निवासी हरिनगर थाना पुरकाजी बताया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेते हुए चालान कर दिया।

## पीएनबी स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**भोपा, 12 अप्रैल (बु.)।** नानाजी देशमुख पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक का 129वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैंक सेवाओं को प्रभावी व सरल बनाने पर बल दिया। समारोह में मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजकुमार अग्रवाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद उप-मण्डल प्रमुख राजीव रंजन, अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक पाल, आल इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन पीएनबी के सचिव गौरव किशोर व संस्थान के निदेशक संजय कुमार ने संस्थान परिसर में पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात समारोह में वक्ताओं ने पंजाब नेशनल बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं डिजिटल बैंकिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में संकाय सदस्य वरूण सिंह, अमित कुमार शर्मा, कार्यालय सहायक प्रीति चौधरी, अरूण कुमार, सौरव, पूनम आदि मौजूद रहे।

## जंगल में -कुटिया बना तैयार कर रहा था कच्ची शराब, पुलिस ने जेल भेजा



**भोपा, 12 अप्रैल (बु.)।** मजलिसपुर तौफीर के खादर के जंगल में झोपड़ी में छापेमारी करते हुए पुलिस ने शराब की भट्टी चलाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कच्ची शराब व बनाने के उपकरण बरामद किए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि बीते मंगलवार की रात्रि में उप निरीक्षक ललित कुमार की टीम ने सोलानी नदी के मजलिसपुर तौफीर के खादर के जंगल में एक झोपड़ी में छापेमारी की, जिसमें एक आरोपी शराब की भट्टी चलाते मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम योगराज बताया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कच्ची शराब व बनाने के उपकरण, कैन, कनस्तर, प्लेट, पाइप, लोहे की परात, डब्बे, ड्रम, मग आदि सामान बरामद किए, जिसके बाद पुलिस आरोपी को थाने ले आई। पीछे-पीछे कई सफेदपोश नेता पहुंच गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बुधवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## कुए पर कब्जे को लेकर संघर्ष में दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज, पांच गिरफ्तार



**भोपा, 12 अप्रैल (बु.)।** गांव विलायतनगर में कुएं की जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष की घटना में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, तीन लोगों का शांति भंग में भी चालान किया गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव विलायतनगर में बीते मंगलवार को कुएं की जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ था, दोनों पक्षों से आठ लोग घायल हुए थे, जिनमें दो महिलाओं समेत चार घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। घटना में एक पक्ष के रमेशचंद ने गांव के ही मदन, सचिन, अजय, गुड्डू, केहरसिंह व मोहित के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया। वहीं दूसरे पक्ष से पिंकी सैनी ने नीशू, रीनू, बालकिशन, सन्तराम, रोहित, आदेश व मनोहर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पक्ष से मदन सैनी, सचिन व केहरसिंह और दूसरे पक्ष से रोहित व मनोहर को गिरफ्तार लिया गया है, वहीं गांव के रमेश, सोबिन व गौरव का शांति भंग करने में चालान किया गया है। पुलिस की कार्रवाई को लेकर आज दोनों पक्षों के लोगों में -ागड़े को लेकर पछतावा भी नजर आया।

**स्वच्छता अभियान...** भाजपाईयों ने हाथ उठाकर लोगों से कराई सफाई के लिए प्रतिज्ञा

# गंगा घाट पर डॉ. वीरपाल निर्वाल ने चलाया स्वच्छता अभियान, स्वस्थ समाज के लिए दिया सार्थक संदेश



फोटो बुलेटिन

शुकतीर्थ में गंगा घाट पर साफ सफाई अभियान में जुटे भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ -स्वच्छता का संदेश देते जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल तथा अन्य भाजपा नेता।

**भोपा, 12 अप्रैल (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में गंगा घाट पर बुधवार को भाजपाइयों ने सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत स्वच्छता अभियान चलाया, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गंगा घाट पर झाडू लगाकर साफ सफाई की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने झाडू लगाकर अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की सीढ़ी है, इसलिए हमें अपने घरों व आसपास में साफ सफाई रखनी चाहिए। तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष डॉ. वीरपाल सहरावत, अनुसूचित मोर्चा के रविंद्र वाल्मीकि, डॉ. दिनेश धीमान, पं. रामकुमार शर्मा, महामंत्री महकार सिंह, किसान मजदूर इंटर कॉलेज चौरावाला के प्रधानाचार्य पंकज माहेश्वरी, विजय राठी, देवेंद्र आर्य, महताब गुर्जर, कंवरपाल सैनी, धर्मेंद्र शर्मा, नेत्रपाल शर्मा, राजेश पाल, अमित सालार, राहुल गर्ग, मोनू आदि ने कार्यकर्ताओं ने एक साथ मिलकर झाडू लगाकर गंगा घाट पर साफ सफाई की। समापन पर लोगों को साफ सफाई रखने की प्रतिज्ञा भी कराई गई। उधर, ब्लॉक संसाधन केंद्र पर भी स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की गई, जिसमें मीरापुर विधान सभा प्रभारी राजपाल सिंह जुड्डा, क्षेत्रीय मंत्री डॉ. पुरुषोत्तम, मंडल अध्यक्ष सतनाम सिंह, प्रधान तरुण धीमान, कुणाल वालिया, घनश्याम नायक आदि मौजूद रहे।

## नवीन मंडी में कुत्तों ने बछड़े को बनाया निवाला, दूसरे को गो प्रेमियों ने बचाकर गौशाला में भिजवाया

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** नवीन मण्डी स्थित सब्जी मण्डी में आवारा कुत्तों की फौज ने देर रात एक बछड़े को अपना निवाला बना लिया। जबकि दूसरे बछड़े को गौ प्रेमियों ने बचाकर आश्रय स्थल में भिजवाया। इन दोनों बछड़ों को हाल में ही कोई नवीन मण्डी परिसर में छोड़ गया था। नवीन मण्डी स्थित सब्जी मण्डी परिसर में मंगलवार देर रात आवारा कुत्तों ने एक बछड़े पर हमला बोल दिया। कुत्तों द्वारा बुरी तरह नौंचने के कारण बछड़े ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास के लोग आये तो कुत्तों को वहां से दौड़ाया गया। इसी बीच सूचना पाकर गौरक्षक प्रेमी अभिषेक तिवारी, सुनील भार्गव और विनीत आदि वहां आ गये, उनके सामने ही दूसरे बछड़े को भी कुत्तों ने मारने का प्रयास किया। हमले में बछड़े का एक कान बुरी तरह जख्मी हो गया। घायल बछड़े को गौ प्रेमी गौशाला छोड़ आये। गौरक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि पशुपालक इन छोटे पशुओं को यहां छोड़कर गये हैं, जिससे यह घटना हुई है। पशुपालक इस बात का ध्यान रखें कि भविष्य में इस तरह की घटना न होने पाये।

## शाहपुर के आरडी पब्लिक स्कूल में उत्साहवर्धन समारोह सम्पन्न

### मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर किया सम्मानित



### यज्ञ से शुरू समारोह में अतिथियों ने बच्चों को दी संस्कारवान बनने की सीख

**शाहपुर, 12 अप्रैल (बु.)।** आर डी पब्लिक स्कूल शाहपुर में उत्साहवर्धन समारोह के आयोजन पर स्कूल संचालिका श्रीमती राजेश आर्य द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया। उत्साहवर्धन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सत्यवीर आर्य डायरेक्टर आर्य एकेडमी इंटर कॉलेज शाहपुर, पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी डा. अखिल आर्य, वरिष्ठ पत्रकार सचिन संगल तथा समारोह के अध्यक्ष प्रमुख समाज सेवी मनमोहन दास बंसल उपस्थित रहे, जिनके द्वारा वार्षिक परीक्षा फल 2022-23 के मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। उत्साहवर्धन समारोह में उपस्थित सभी अभिभावक विनीत राठी, धर्मवीर कश्यप अनु बालियान, आशीष बालियान, हरवीर कश्यप, अनुज देशवाल, लोकेन्द्र देशवाल, सतेंद्र कुमार, अक्षय बालियान ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी कृष्णा, आर्यश, अंश, अर्नव देशवाल, अथर्व, आराध्य आर्य, अनन्या, कार्तिक, विशेष, आतशी व रक्षित बालियान है।

समारोह के अंत में सभी मुख्य अतिथियों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य व उत्साहवर्धन में अपने अनमोल वचन कहे और अपना आशीर्वाद प्रदान किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर रणवीर आर्य व्यवस्थापक राजेश आर्य, प्रधानाचार्य मंजू बाला, रोहित बालियान सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## शाहपुर के युवा भाजपा नेता राज कुमार कोरी को सैकड़ों ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी



**शाहपुर, 12 अप्रैल (बु.)।** शाहपुर युवा भाजपा नेता एवं प्रमुख समाजसेवी राजकुमार कोरी को आज रामवती धर्मशाला में आयोजित एक शोक सभा में अश्रु पुर्ण नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा भाजपा नेता राजकुमार कोरी का 1 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। उनके निधन की सूचना पर हजारों लोग सुहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया था।

रामवती धर्मशाला में आयोजित शोक सभा में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों एवं संस्थाओं के लोग शामिल हुए और अश्रुपूर्ण नेत्रों से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में उपस्थित वक्ताओं ने राज कुमार कोरी के निधन को समाज की क्षति बताया। राजकुमार कोरी श्री कृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष, राशन डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष, श्री आदर्श रामलीला कमेटी के सह मंत्री के अलावा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल में भी संगठन मंत्री के रूप में कार्यरत रहे। लंबे समय से प्रेस फोटोग्राफर के रूप में भी काम किया। उनके द्वारा समाज में किए गए कार्यों को याद किया गया। शोक सभा में केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व विधायक एवं व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कंसल, उपज जिला कार्यकारिणी, प्रेस क्लब ऑफ शाहपुर, मुक्ति धाम सेवा समिति, श्री आदर्श रामलीला कमेटी, श्री राम गोपाल अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर, वैश्य अग्रवाल उत्थान सोसाइटी, पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, पूर्व सभासद मनोज सैनी, पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी, पूर्व चेयरमैन सुषमा सैनी आदि के शोक प्रस्ताव प्राप्त हुए। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल, मांगेराम सैनी, डॉ. मुकेश त्यागी, भाजपा नेता बाबू चतरसैनी, दिनेश पाल, विशाल कर्णवाल, प्रमुख समाज सेवी उमेश मित्तल, चेयरमैन पद के प्रमुख दावेदार हाजी अकरम उर्फ कल्लू, आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुनील मित्तल, व्यापारी नेता बालेश सिंघल, डा. अनुज अग्रवाल, विजय बंसल, अतुल सिंघल, विशाल कर्णवाल, प्रमोद कर्णवाल, नीरज कर्णवाल, प्रमोद गर्ग, मनोज अग्रवाल, सुदेश अग्रवाल, प्रवेश गोयल, अनिल बंसल, प्रवीण शर्मा, अनिल गोयल, दिनेश पाल, मास्टर अनुज जैन, इकबाल कुरैशी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## बीसीए विज्ञान में छात्राओं ने बाजी मारी



**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा बीएससी (विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एस डी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के बीएससी (विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जिसमें छात्राओं ने अपने वर्चस्व को कायम रखते हुए शीर्ष स्थानों को अपने नाम किया। बीएससी में बुशरा मिर्जा एवं मुस्कान जैन ने 8.62 एसजीपीए के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर जैनब परवीन ने 8.4 एसजीपीए प्राप्त किये एवं तीसरे स्थान पर अलिहा जैदी एवं जकिया परवीन ने 82 एसजीपीए प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा बीएससी (पीसीएम) में हर्षित चौधरी ने 8.1 एसजीपीए के साथ प्रथम, अनु पंवार ने 8 एसजीपीए प्राप्त कर दूसरा एवं रिया चौधरी ने 7.8 एसजीपीए ने तीसरा स्थान पाया। प्राचार्य डा. सचिन गोयल द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष डा. सौरभ जैन प्रेरित किया। विज्ञान संकाय के प्रवक्ताओं डा. मोनिका रुहेला, डा. बुशरा आकिल, डा. महेन्द्र सिंह, डा. ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय, रजत धारीवाल, मोनिका पंवार, गौरव बालियान, तनु, वंशिका गुप्ता, शिवा पाल आदि ने भी उत्साहवर्धन किया।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल, (बु.)।**
**सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-**

| | |
|---|---|
| सोना- 59,200 | चांदी-70,000 |
| सिक्का- 800 | गिन्नी- 43,500 |

### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः-रसकट ढैया-1100-1135, चाकू 1275-1475, लड्डू 1470-1510, खुरपापाड़ 1280-1300, शक्कर मसाला 1500-1515। आमद-7,000 मन।

## 13 मई को आयोजित होगी लोक अदालत

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** अपर जिला मजिस्ट्रेट वि/रा गजेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा 13 मई को कचहरी परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कोर्ट में नियत वादों के सम्बन्ध में अपना होम वर्क पूरा रखें और गत लोक अदालत के आयोजन के सापेक्ष अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के सम्बन्ध में सभी पत्रावलियों की जांच परख कर लें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत आयोजित होने वाली लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय संख्या 07/विशेष न्यायाधीश शक्ति सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार के द्वारा बैंकों के अधिकारियों के साथ न्यायालय परिसर स्थित केन्द्रीय हॉल में राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्देश दिये गये कि 13 मई की इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक संख्या में वादों को नियत कर निस्तारित किया जाना सुनिश्चित करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि दीवानी न्यायालय परिसर व वाह्य न्यायालय बुढ़ाना, कलक्ट्रेट में किया जायेगा जिसमें आपराधिक, 138 एनआई एक्ट, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका, टेलीफोन, बिजली एवं पानी के बिल, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व वाद तथा सिविल वादों का निस्तारण किया जायेगा।

## होर्डिंग उतारने पर पालिका की टीम के साथ मारपीट करने के आरोपी को जेल भेजा

**कैराना, 12 अप्रैल (बु.)।** निकाय चुनाव के चलते होल्डिंग बैनर उतारने गई नगरपालिका की टीम के साथ गाली गलौच और मारपीट करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके शांतिभंग में चालान कर दिया। एसडीएम द्वारा आरोपी की जमानत खारिज करने पर आरोपी को जेल भेज दिया गया। मंगलवार को नगरपालिका की टीम निकाय चुनाव के मद्देनजर मौहल्ला आल खुर्द में होल्डिंग बैनर उतारने गई थी। इस दौरान परचून की दुकान करने वाले हाशिम ने टीम के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की थी। बाद में सफाई नायक राजकुमार के नेतृत्व में पालिका कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम और अधिशासी अधिकारी को शिकायत की थी। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी हाशिम निवासी मौहल्ला आल खुर्द को गिरफ्तार करके शांतिभंग में चालान कर दिया। उप जिला मजिस्ट्रेट ने जमानत खारिज करते हुए उसे जेल भेज दिया।

**दूसरे दिन 170 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री-कैराना, 12 अप्रैल (बु.)।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक कैराना तहसील में नामांकन पत्रों की बिक्री व जमा कराने की व्यवस्था की गई है, जहां पर कैराना व कांधला नगरपालिका के लिए अध्यक्ष व सभासद पद के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री का कार्य चल रहा है। कैरानापालिका अध्यक्ष पद के 9 व सभासद पद के 118 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। कांधला पालिकाध्यक्ष पद के लिए 6 व सभासद के 37 नामांकन पत्र बिके। एसडीएम निकिता शर्मा ने सभासद पद के प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया था, जिसमें प्रत्याशी के फोटो की बैकग्राउंड काले रंग की आ रही थी, बैकग्राउंड सफेद रंग की होना जरूरी हैं। जिस कारण नामांकन पत्र वापस कर दिया गया है।

### आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 13 अप्रैल, 2023**

**मेष-** परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कार्य-व्यवसाय में उन्नति, राजकीय पक्ष से लाभ, रचनात्मक क्रिया-कलापों में अभिरुचि, यात्रा सुखद।
**वृषभ-** आज दिन 4/22 बजे तक कठिनाइयाँ, कार्यों के प्रति उदासीनता, योजना अधूरी, मानसिक कष्ट, परोपकार की भावना।
**मिथुन-** आज दिन 4/22 बजे तक लाभ का सुयोग, स्वाध्याय में रुझान, धर्म में आस्था, शेष समय अशुभ, सफलता में संदेह, आय में न्यूनता।
**कर्क-** स्वास्थ्य अनुकूल, इच्छित कार्यों में प्रगति, आत्मबल में वृद्धि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर।
**सिंह-** विशिष्टजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, कार्य में विस्तार की योजना फलीभूत, समस्या सुलझने की ओर, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता।
**कन्या-** आज दिन 4/22 बजे तक शारीरिक कष्ट, पारिवारिक उलझनें, वाहन से दुर्घटना का भय, शेष समय भाग्य के पक्ष में, आत्मबल में वृद्धि।
**तुला-** आज दिन 4/22 बजे तक अभीष्ट कार्यों में सफलता, वाद-विवाद की निवृत्ति, धनागम भी, शेष समय में निराशा, प्रगति में बाधा।
**वृश्चिक-** समय आशाजनक, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, व्यवसाय में लाभ, आमोद-प्रमोद साधन सुलभ।
**धनु-** अधूरे व नवकार्यों की शुरुआत हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति का सुयोग, स्वाध्याय में रुचि।
**मकर-** आज दिन 4/22 बजे तक परेशानी, भाग्य में न्यूनता, आय में कमी, धन हानि भी, शेष समय में प्रतियोगिता में सफलता।
**कुम्भ-** आज दिन 4/22 बजे तक सफलता, व्यापारिक लाभ, नौकरी में पदोन्नति, प्रसन्नता, शेष समय विपरीत, स्वजनों से तनाव, वाद-विवाद, वाहन से कष्ट।
**मीन-** विचाराधीन योजना कार्य रूप में परिणित, शुभ कार्यों में व्यय की अधिकता, घरेलू समस्याओं में कमी, ज्ञान-विज्ञान की ओर रुझान।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## अध्यक्ष-सदस्य पद हेतु बिके 49 नामांकन पत्र

### सिसौली, बुढ़ाना और शाहपुर नगर पंचायतों के लिए नहीं भरा कोई पर्चा

**बुढ़ाना, 12 अप्रैल (बु.)।** स्थानीय तहसील परिसर में बुधवार के दिन नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन 3 निकायों के अध्यक्ष पद के लिए कुल सात नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, जबकि सदस्य पद के लिए कुल 42 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इनमें नगर पंचायत सिसौली से अध्यक्ष पद के लिए दूसरे दिन भी किसी भी प्रत्याशी ने कोई नामांकन पत्र नहीं खरीदा। उधर नगर पंचायत बुढ़ाना के अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी के लिए सुनीता पत्नी विनोद कुमार ने एक नामांकन पत्र खरीदा है। इनके अलावा सपा नेत्री नसरीन राही पत्नी तोसीफ राही ने 2 नामांकन पत्र खरीदे हैं, वहीं दूसरी ओर बुढ़ाना से सदस्य पद के लिए 09 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं, जिनमें मुख्य रूप से मोहम्मद मेहराज एडवोकेट और मोहम्मद शाहजेब एडवोकेट ने भी सदस्य पद के लिए नामांकन पत्र खरीदे। दूसरी ओर शाहपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए अन्य पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित सीट पर अध्यक्ष पद के लिए इलियास कुरैशी ने दो नामांकन पत्र खरीदे। कृष्णपाल ने एक तथा निपुर ने भी एक नामांकन पत्र खरीदा है। सदस्य पद के लिए शाहपुर से 26 दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। नगर पंचायत सिसौली के लिए अध्यक्ष पद के लिए आज दूसरे दिन भी कोई नामांकन पत्र नहीं बिका जबकि सदस्य पद के लिए कुल 07 दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं।

### भोकरहेड़ी में अध्यक्ष पद के लिए 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे

**जानसठ, 12 अप्रैल (बु.)।** भोकरहेडी नगर पंचायत में अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाले 5 उम्मीदवारों ने दूसरे दिन बुधवार को नामांकन-पत्र खरीदे, जबकि सभासद पद के लिए 8 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन-पत्र खरीदे। अब तक अध्यक्ष पद के लिए 9 उम्मीदवार नामांकन-पत्र खरीद चुके हैं। नहीं अब तक सभासद पद के लिए 10 उम्मीदवार अपने नामांकन-पत्र खरीदे चुके हैं।

**शांति भंग में तीन का चालान-कैराना, 12 अप्रैल (बु.)।** अलग-अलग मामलों में झगड़ा करने पर पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार करके शांति भंग में चालान कर दिया। प्राप्त समाचार के अनुसार बुधवार को गांव पंजीठ में आपस में झगड़ा करने पर पुलिस ने अशोक और मेघराज को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे मामले में पुलिस ने झगड़ा करने पर इनाम निवासी मोहल्ला चांद मस्जिद को गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने तीनों आरोपियों का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।

## एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्ट्डीज में क्लाउड कम्प्यूटिंग वर्कशाप संपन्न

### विद्यार्थियों को शिक्षकों ने दिया इंटरनेट स्टोरेज का विशेष प्रशिक्षण

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज के सभागार में सनातन धर्म डिग्री कॉलेज संग हुए एमओयू के तहत क्लाउड कम्प्यूटिंग विषय पर तीन दिवसीय वर्कशाप में बच्चों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

प्राचार्य डा संदीप मित्तल ने बताया कि कम्प्यूटर विज्ञान में क्लाउड कम्प्यूटिंग एक ऐसी टेक्नोलॉजी है, जिसमें डाटा और प्रोग्राम को इंटरनेट में स्टोर व एक्सेस किया जाता है। इसमें कई प्रकार के संसाधन शामिल होते है जैसे कि डेटा स्टोरेज, सर्वर, डेटाबेस, नेटवर्किंग व एप्लीकेशन। जब भी हम कोई डेटा कम्प्यूटर में स्टोर करते हैं तो हम उसे हार्ड डिस्क में स्टोर करते हैं, परन्तु क्लाउड कम्प्यूटिंग के द्वारा हम अपने डाटा को क्लाउड में स्टोर कर सकते हैं। बीसीए विभागाध्यक्ष डा. संजीव तायल ने छात्र एवं छात्राओं को क्लाउड कम्प्यूटिंग के बारे मे जानकारी दी। वर्कशाप के कोर्डिनेटर प्रवक्ता रोबिन मलिक ने भी बच्चों को विषय आधारित प्रशिक्षण देकर उनको विस्तार से जानकारी मुहैया कराई। वर्कशाप में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्रायें आरजु बालियान, अभिषेक, अंकित, भव्या जैन, दीपा, गरिमा गर्ग, ईशा अरोरा, ज्योति, निधि, पल्लवी, पारस, राशी गर्ग, काजल, गुंजन, शालू व सोनम पाल आदि ने अपना योगदान दिया। बीसीए विभाग से चॉदना दीक्षित, मोहित गोयल, रोबिन गर्ग, मौ अन्जर, राहुल शर्मा, प्रियंका शर्मा, रितु, अवनी सिंघल, शशांक भारद्वाज, प्रशान्त गुप्ता, विनिता चैधरी, अमित, सतीश, उमेश मलिक एवं धीरज गिरधर व गौरव यादव (एसडी डिग्री कॉलेज) आदि का सहयोग रहा।

## स्वर्गीय एनजी मजूमदार को श्रीराम कॉलेज में दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)। आज श्रीराम कॉलेज के सभागार में स्वर्गीय एनजी मजूमदार (पूर्व अध्यक्ष श्रीराम कॉलेज) को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा. अशोक कुमार, प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल, प्रवीण कुमार, सचिव, गजेन्द्र चौहान वित्त अधिकारी, श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज, श्रीराम कॉलेज के डीन डा. विनीत कुमार शर्मा के साथ-साथ श्रीराम समूह के सभी निदेशक, प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्ष तथा शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। सभागार में उपस्थित सभी शिक्षकों ने स्वर्गीय एनजी मजूमदार को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल ने कहा कि स्वर्गीय एनजी मजूमदार भौतिकी विज्ञान के प्रसिद्ध अध्यापक रहे। उन्होंने एसडी कॉलेज में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। उनका हमेशा प्रयास रहा कि कोई भी छात्र आर्थिक अभाव में शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहे। ऐसे बहुत से बच्चों का भविष्य निर्माण किया जो कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि के थे और आज पढ़ लिखकर समाज की सेवा कर रहे है। उन्होंने लड़कियों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया और श्रीराम कॉलेज द्वारा चलाई जा रही बालिका शिक्षा मुहिम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



फोटो बुलेटिन श्रीराम कॉलेज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित शिक्षकगण।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2023

**सम्पादक की कलम से**

## कर्नाटक में भाजपा की नीति

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो नीति अपनाई है, उसे पार्टी के लिए हानिकारक माना जा रहा है। कुछ कम लोग ऐसे भी हैं, जो यह मान रहे हैं कि भाजपा का यह प्रयोग सफल भी हो सकता है। भाजपा ने कई टिकट काट दिए हैं, कई भाजपाई इससे नाराज भी हो गए हैं। कर्नाटक चुनाव में 38 साल का ट्रेंड तोड़ते हुए बीजेपी एक बार फिर सत्ता में वापसी करना चाहती है। उसका एक ही उद्देश्य है कि किसी भी कीमत पर बहुमत के आंकड़े तक पहुंचना है। दो बार बीजेपी ने राज्य में अपनी सरकार जरूर बनाई है, लेकिन 113 के जादुई आंकड़े तक नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में अब पार्टी अपनी रणनीति में एक बदलाव कर रही है। भाजपा ने एक परिवार से एक को ही टिकट दिया है और जिस पर कोई आरोप है, उसे टिकट नहीं दिया गया है। भाजपा परिवारवाद और भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर हर चुनाव में जाना चाहती है। कर्नाटक में यह नीति हानिकारक हो सकती है, फिर भी भाजपा ने रिस्क लिया है। भाजपा यह मानकर चल रही है कि जनता भाजपा की नीतियों को चाहेगी न कि उम्मीदवार विशेष को। टिकट की घोषणा के साथ ही कर्नाटक में सियासी नाटक शुरू हो गया। भाजपा के जमीनी नेता जगदीश शेट्टार ने बगावत का संकेत दिया है। शेट्टार को पार्टी ने टिकट नहीं दिया है, लेकिन उन्होंने पार्टी से दोबारा फैसले पर विचार करने की मांग करते हुए कहा है कि वह चुनाव लड़ेंगे, भले उन्हें टिकट मिले या नहीं। शेट्टार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हाईकमान ने आखिरी समय में उनसे आगामी विधानसभा चुनाव न लड़ने को कहा है। उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह निराश हूं। मैंने पार्टी के लिए 30 साल से ज्यादा काम किया है और इसे बनाया है। वे मुझसे 2-3 महीने पहले बात कर सकते थे और मैं इसे मान भी लेता, लेकिन नामांकन से कुछ दिन पहले ही मुझे चुनाव न लड़ने की सूचना दी गई। मैंने निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार भी शुरू कर दिया है। कर्नाटक में टिकट नहीं दिए जाने से नाराज लक्ष्मण सावदी ने भी भाजपा छोड़ने का फैसला किया है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट से इनकार के बाद लक्ष्मण सावदी ने कहा, मैंने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला किया है। सावदी, जिले की अथानी विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे हैं। पिछले चुनाव में उन्हें कांग्रेस के तत्कालीन उम्मीदवार महेश कुमाथल्ली के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था। कुमाथल्ली दल बदलने वाले कांग्रेस के उन नेताओं में थे, जिन्होंने कांग्रेस-जद गठबंधन की तत्कालीन सरकार को गिराने और 2019 में बी एस येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने में मदद की थी। वह भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई अपनी पारंपरिक शिगांव सीट से चुनाव लड़ेंगे। येदियुरप्पा के पुत्र बी वाई विजयेंद्र अपने पिता की पारंपरिक सीट शिकारीपुरा से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी आलाकमान ने नाराज नेताओं को दिल्ली बुलाया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व कर्नाटक के प्रभारी अरुण सिंह ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने के बाद भाजपा के शीर्ष नेताओं ने कई दौर की बैठक की और उसके बाद उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया। सीईसी की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हुए थे। अन्य बैठकों में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कर्नाटक भाजपा के नेता बी एस येदियुरप्पा सहित कई अन्य नेता भी शामिल हुए थे। सिंह ने बताया कि पार्टी ने 52 नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुताबिक 189 उम्मीदवारों की सूची में 32 अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं, जबकि 30 अनुसूचित जाति और 16 अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों की पहली सूची में कुल आठ महिलाओं को जगह मिली है। वरुणा से पार्टी ने सिद्धरमैया के खिलाफ वी सोमन्ना को उतारने का फैसला किया है। सोमन्ना चामराजनगर विधानसभा सीट से भी चुनाव लड़ेंगे। वह पहले वहीं से जीते रहे हैं। कांग्रेस के कद्दावर नेता शिवकुमार को कनकपुरा से चुनौती देने के लिए मैदान में उतारे गए मंत्री आर अशोक अपने पारंपरिक क्षेत्र पद्मनाभनगर से भी चुनाव लड़ेंगे। भाजपा महासचिव सी टी रवि चिकमगलूर सीट से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे। सिंह ने उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए दावा किया कि कर्नाटक में भाजपा प्रचंड बहुमत से फिर सरकार बनाएगी। सिंह ने कहा कि सूची में पांच वकील, नौ चिकित्सक, तीन अकादमिक क्षेत्र से, एक सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी और भारतीय पुलिस सेवा के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसमें सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हुए तीन कर्मचारी और आठ सामाजिक कार्यकर्ताओं के नाम भी शामिल हैं। कर्नाटक में भाजपा के चुनाव प्रभारी नियुक्त किए गए प्रधान ने कहा कि नयी पीढ़ी का नेतृत्व तैयार करने के मकसद से उम्मीदवारों के नाम तय किए गए हैं। बार-बार यह पूछे जाने पर कि भाजपा ने कितने वर्तमान विधायकों को टिकट से वंचित किया है, उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों के चयन में नयापन लाया गया है। भाजपा ने पार्टी ने उडुपी के विधायक रघुपति भट की जगह भी किसी और को टिकट दिया है। भट उस प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज के चेयरमैन भी थे, जहां से बीते साल हिजाब विवाद शुरू हुआ था। उनकी जगह यशपाल सुवर्णा को टिकट दिया गया है, जो पार्टी के संगठन सचिव बीएल संतोष के करीबी माने जाते हैं। कर्नाटक की पार्टी जनता दल सेक्युलर में भी झगड़ा चल रहा है। जनता दल सेक्युलर की हासन विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के परिवार में दरार बढ़ने के पर जनता दल सेक्युलर के नेता एच डी कुमार स्वामी ने बयान दिया है। कुमार स्वामी ने कहा कि कुछ "शकुनि" उनके भाई एच डी रेवन्ना को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं। कुमारस्वामी ने दोहराया की हासन सीट पर किसी तरह का समझौता करने का कोई सवाल नहीं है। कर्नाटक में कांग्रेस ने भी उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। खास बात यह है कि बीजेपी छोड़ने वाले 3 और जेडीएस से राहें अलग करके कांग्रेस का दामन थामने वाले एक बागी को भी कांग्रेस ने टिकट दिया गया है। आने वाले दिनों में कर्नाटक की सियासत में कई नाटक देखने को मिलेंगे।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"ठलवे" "घास" "विपक्षी" "वोट"

कुछ दिनों के वास्ते सब ठलवे भी होंगे बिजी,
घास इनको फिर भी यारो डालता कोई नहीं।
सब विपक्षी तो इकट्ठा हो ही जाएंगे मगर,
वोट जनता ही न दे तो फायदा कोई नहीं।

# शाहपुर में वैश्य/जैन समाज की विशाल पंचायत आयोजित

**-उमेश मित्तल ने शाहपुर के सर्व समाज का आभार व्यक्त किया -श्याम पाल भाई जी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष,बालेश जैन उपाध्यक्ष बने -मंच से ऐलान : चुनाव से चार-पांच दिन पहले समर्थन का निर्णय लेगा समाज**







**शाहपुर, 12 अप्रैल (बु.)।** गत् रात्रि अग्रवाल जैन समाज की आयोजित विशाल बैठक में वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में स्थानीय निकाय चुनाव में किस उम्मीदवार को अग्रवाल समाज अपना मतदान करेगा। इसको लेकर चुनाव से दो-चार दिन पहले पहले एक बैठक का आयोजन करने का निर्णय लिया। बैठक अग्रवाल समाज शाहपुर के लिए अग्रवाल समाज के स्तंभ वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी को अध्यक्ष तथा बालेश जैन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। सभा में समाज के लोगों ने उमेश मित्तल को साधुवाद देते हुए कहा कि आप हमारे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के सदैव चेयरमैन रहेंगे। गत् रात्रि मंगला पुरी मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल समाज के सामान्य में प्रबल दावेदार रहे उमेश मित्तल ने धन्यवाद मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने समस्त अग्रवाल समाज और जैन समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने एकत्र होकर उनको जो सहयोग दिया है, उसके लिए मैं हमेशा ऋणी रहूंगा। नगर विकास विभाग द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत पहले शाहपुर को सामान्य घोषित किया गया था, जिसको लेकर अग्रवाल समाज पूरी तरह से तैयार था और अग्रवाल समाज ने अपने बीच से प्रमुख समाज सेवी भाजपा नेता उमेश मित्तल को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन पांच दिन पहले शाहपुर नगर पंचायत का अध्यक्ष पद पिछड़ी जाति में आने के कारण अग्रवाल समाज फिर से अगले 5 साल के लिए सब्र करने को मजबूर हो गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल ने कहा कि हमारे समाज ने उमेश मित्तल को प्रत्याशी बनाया था। उमेश को प्रत्याशी बनाने के दौरान ही हमारा समाज एक हो गया था। हम अपने समाज की इसको जीत मान रहे हैं। अब यह समाज इसी तरह से एक सूत्र में बंधा रहे, इस बात पर गौर करनी है। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के नगर अध्यक्ष वरिष्ठ संघ नेता मणिकांत मित्तल ने कहा कि जो उम्मीदवार अग्रवाल समाज का सम्मान करेगा, उसे ही सब समर्थन देंगे। उन्होंने कहा समाज का सम्मान सर्वोपरि है। आगामी बैठक में यही निर्णय ले जाएगा, जहां समाज को उचित सम्मान मिलेगा वही मतदान होगा। वरिष्ठ व्यापारी मदनलाल जैन ने कहा कि सीट पिछड़ी में आने पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार अग्रवाल समाज के लोगों के पास मत मांगने के लिए आएंगे, सभी प्रत्याशियों का आदर सम्मान करें और अग्रवाल समाज का मत कहां जाना है। इस बात के लिए अगली पंचायत तक इंतजार करें। किसी भी प्रत्याशी को वोट देने का भरोसा न दें। युवा भाजपा नेता शिवम सिंघल ने कहा कि अकेले-अकेले किसी का कोई वजूद नहीं होता है, समाज अपनी पहचान भी रखता है, अपनी एक ताकत भी रखता है, सभी अगर बंधुओं को समाज के साथ ही जाना है। डॉ. अनुज अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज शिक्षित और पढ़े लिखे समाज की श्रेणी में आता है। अन्य समाज भी अग्रवाल समाज से सीख लेते हैं, हमें कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना है, जो किसी अन्य समाज को ठेस पहुंचे आपसी भाईचारा कायम रखना है। चुनाव प्रक्रिया कुछ समय की होती है, फिर से सबको अपने कारोबार मे जुटना है। शाहपुर का सामाजिक ताना-बाना ठीक प्रकार चलता रहे अग्रवाल समाज एक मजबूत समाज के रूप में उभरे, इस बात पर ध्यान देना है। अमित जैन ग्रोविल ने कहा कि समाज का निर्णय सर्वोपरि है। अमित जैन पेंट वालों ने कहा कि समाज के बुजुर्ग जो निर्णय लेंगे समाज के युवा उसी निर्णय पर चलेंगे। राजेश्वर बंसल ने कहा कि समाज के बुजुर्ग लोग पूरे समाज को विश्वास में लेकर ही मतदान करने का निर्णय लें, सभी समाज की निगाहें समाज के जिम्मेदार लोगों के निर्णय पर लगी हैं।

पंचायत की अध्यक्षता करते हुए अग्रवाल समाज के स्तंभ एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंगल भाई जी ने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा सनातन धर्म के बताए मार्ग पर चलता है। महाराजा अग्रसेन ने अग्रोहा में जहां अग्रवाल समाज के कमजोर परिवार के लिए एक नारा दिया था, जिसमें एक रुपया एक ईंट प्रत्येक घर से देकर बसाया जा सकता है, कटोरे से उसका घर और रुपये से कारोबार चलाया जा सकता है, तो वही महाराजा अग्रसेन ने अन्य समाज के लोगों को भी इसी तरह से प्रोत्साहित करने के लिए अग्रवाल समाज को निर्देशित किया था। अग्ररोहा में अन्य समाज के लोग भी अग्रवाल समाज द्वारा ही पोषित हैं। उन्होंने कहा कि सर्व समाज ने उमेश मित्तल को पूरे मन से चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया था, लेकिन नगर विकास विभाग की आरक्षण प्रक्रिया के चलते शाहपुर अध्यक्ष पद फिर से पिछड़े में आने के कारण हमें अगले 5 साल का इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा सब्र करना भी अच्छी बात है। समाज सेवा में अग्रवाल समाज को जुटे रहना चाहिए। अगले मौके पर हम फिर अपनी दावेदारी मजबूती के साथ पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज के लोग अगली बैठक का इंतजार करें, उसमें ही मतदान करने का निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान सर्वसम्मति से अग्रवाल समाज का अध्यक्ष प्रमुख समाज सेवी श्याम पाल सिंगल भाई जी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालेश जैन को मनोनीत किया गया।

## नामांकन करते ही जहीर फारूकी पहुंचे एतकाफ

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। जनपद मुजफ्फरनगर की विकास कार्यो में सबसे चर्चित नगर पंचायत पुरकाजी के निवर्तमान चेयरमैन जहीर फारूकी ने आज बड़ी सादगी की साथ तहसील सदर पहुंचकर निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन किया और शाम होते ही पुरकाजी मस्जिद में एतकाफ के लिए चले गए हैं। उनका कहना है कि एतकाफ का अमल पिछले 16 सालों से चल रहा है। चुनाव के लिए इबादत नहीं छोडूंगा। पुरकाजी के निवर्तमान चेयरमैन जहीर फारूकी ने पिछली बार हजारों समर्थकों की साथ अपना नामांकन करके राजनीति में धुयें उठा दिए थे, लेकिन इस बार पुरकाजी सीट से सबसे पहला पर्चा खरीदने और दाखिल करने वाले जहीर फारूकी हैं, जिन्होंने बिना किसी भीड़ शोर शराबे के सादगी से अपना नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर परमानन्द झा के समक्ष दाखिल किया और वापस हो गए। पुरकाजी संवाददाता से पता चला कि जहां अब चुनाव प्रचार के लिए सभी प्रत्याशी एडी-चोटी के जोर लगा रहे हैं, वहीं सारी राजनीति को साइड करके जहीर फारूकी पिछले 16 सालों की तरह एतकाफ में चले गए हैं। चेयरमैन बनने के बाद भी उन्होंने आखरी अशरे का एतकाफ कभी नहीं छोड़ा था। इस बारे में जब हमने उनसे कहा कि आपका चुनाव प्रचार कैसे होगा, तो जहीर फारूकी ने कहा कि मेरा ईमान है, इज्जत जिल्लत सब ऊपर वाले के हाथ हैं, ये तो चेयरमैन का चुनाव था। दुनिया की बड़ी से बड़ी सहूलियत को भी इस इबादत के आगे छोड़ देता। जहीर फारूकी ने कहा कि हमने पांच साल जनता के लिए खूब काम किये हैं।

पुरकाजी की अवाम हमें बहुत प्यार करती है, उन्हें पता है कि उनका चेयरमैन ओर प्रत्याशियों की तरह चुनाव के वक्त मतलब निकालने के लिए नहीं आता है। मैं हमेशा जनता के बीच रहता हूं, सभी वार्डो में मेरी टीम मेरे दोस्त हैं, वो चुनाव प्रक्रिया को सम्भालेंगे। पुरकाजी के लोगों का भी यही कहना है कि जहीर फारूकी राजनीति को खिदमत के हिसाब से करते हैं और इबादत में कोई दखल उन्हें मंजूर नहीं है। ये अपने आप में बड़ी बात है कि प्रत्याशियों के लिए ये वक्त बहुत ज्यादा कीमती है और कोई प्रत्याशी जो सबसे मजबूत प्रत्याशी है, वो सब कुछ छोड़कर इबादत के लिए मस्जिद मे एतकाफ में जाता है।




# ज़मीन बिकाऊ

30 बीघा

- ग्राम शेरनगर
- बस्ती से लगी हुई
- देहरादून हाईवे से सीधा सरकारी रास्ता

999 000 47 19



**आवश्यकता है**



1 सेल्समैन
1 सेल्सगर्ल
2 हैल्पर

-: सम्पर्क करें :-
**सेखरी इलेक्ट्रोनिक**
रुड़की रोड, मुज़फ्फरनगर
M. 9359809000


## एसडी गर्ल्स में प्रतियोगिता का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज, झांसी की रानी परिसर में बुधवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक को लेकर शुरू अभियान के तहत विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक अप्रैल से 30 अप्रैल की कार्य योजना के अनुसार शुरू किए गए अभियान के तहत नगर के झांसी की रानी स्थित एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य ने चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल हुई छात्राओं को संचारी रोग एवं दस्तक के विषय में इस बीच जानकारी प्रदान की। इस दौरान छात्राओं ने उत्साह पूर्वक चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया व चित्रों के माध्यम से विभिन्न संचारी रोगों के फैलने के कारण, बचाव और रोकथाम के उपायों को सुंदर रूप में चित्रित किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 12 की छात्रा कनिष्का, द्वितीय स्थान पर मेधव एवं तृतीय स्थान पर कक्षा 12 ए की नीटू व बरीरा ने हासिल किया।



### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल

**बुढाना, 12 अप्रैल (बु.)।** अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला और एक नवयुवक घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार शादाब पुत्र महमूद निवासी बुढ़ाना बुधवार की सुबह तहसील के सामने सड़क पार कर रहा था। तब एक अज्ञात बाइक सवार ने शादाब को जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। उधर घायल शादाब को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी दोनों टांगों की हड्डी टूट गई। एक अन्य घटना में मेरठ के मौहल्ला साबुन गोदाम निवासी अंजलि पत्नी लोकेश अपनी स्कूटी पर सवार होकर किसी काम से मेरठ से बुढ़ाना आ रही थी। जब अंजलि बायवाला पुलिस चौकी के पास आई, तो अंजलि ने आगे-आगे चल रही एक कार में टक्कर मार दी, जिसमें स्वयं अंजलि घायल हो गयी। अंजलि को भी मौके पर आए पुलिसकर्मियों ने अस्पताल भिजवाया।


**REQUIRED**

**NURSING STAFF**

योग्यता : GNM अथवा B.Sc. Nursing पास

Contact : Between 3 PM to 4 PM

**VARDHMAN HOSPITAL**

3 किमी, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर


## दुकान में हुई लाखों की चोरी का हुआ खुलासा

**कांधला, 12 अप्रैल (बु.)।** नगर के मैन बाजार स्थित दुकान में नकब लगाकर चोरों के द्वारा लाखों रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया गया था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीसरा आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर चोरी किए गए लाखों रुपए की नगदी को भी बरामद किया है। नगर के मौहल्ला कानूनगोयान निवासी पुनीत उर्फ सोमी नामदेव की नगर के मैन बाजार में ओम साड़ीज के नाम से दुकान है। व्यापारी सोमी नामदेव सूट साड़ीज के साथ दूल्हे के सेहरे, कलंगी, नोटों की मालाएं आदि का कार्य करता है। 6 दिन पूर्व रात्रि को चोरों के द्वारा पड़ौस की दुकान के जीने के तीन दरवाजों के तालों को तोड़कर उसकी दुकान की दीवार में नकब लगाकर 3,00,000 की नोटों की माला चोरी कर ली गई थी। स्थानीय पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले में कार्रवाई शुरू कर दी थी। बुधवार को स्थानीय पुलिस को घटना के संबंध में बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने बुढ़ाना रोड फाटक से अभियुक्त जिशान पुत्र शमीम निवासी मौहल्ला गुड़बान बड़ा बाजार, शमशाद पुत्र इशाक निवासी मौहल्ला मौलानान कस्बा व थाना कांधला शामली को गिरफ्तार करके उनकी निशान देही पर अभियुक्त जीशान के कब्जे से 18,600 रुपये व अभियुक्त शमशाद के कब्जे से 20,460 रुपये चोरी किये गये रुपये व नोटो की माला बरामद की गई। जबकि तीसरा अभियुक्त कय्यूम निवासी मौहल्ला जुम्मा मस्जिद कस्बा अन्धेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। थाना प्रभारी समयपाल अत्री का कहना है कि घटना के संबंध में फरार अभियुक्त की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। शीघ्र गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेजा जायेगा। व्यापारी की दुकान में हुई घटना के खुलासे के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

## पुरकाजी में हुआ था हादसा, हाईकोर्ट ने सुनाई अनूठी सजा

**प्रयागराज, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुरकाजी के पास हुई सडक दुर्घटना में घायल साथी को छोडकर भाग जाने वाले शक्ति सिंह की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट ने शर्त लगाई है कि जमानत पर छूटने के बाद याची नई दिल्ली के थाना हौज खास में 26 अप्रैल 23 को रिपोर्ट करेगा। एसएचओ हौज खास याची को एक मई से 16 मई तक 15 दिन एम्स के प्रथम द्वार पर दो घंटे नौ से 11 बजे सुबह हेलमेट पहने, सुरक्षित ड्राइव करें, कार्ड लेकर लेकर तैनात रहेगा। रविवार को अवकाश रहेगा। शेष दिन याची बिना हेलमेट आने वाले 15 लोगों को हेलमेट देगा और 12 मई 15 को मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना की 25 प्रति वितरित करेगा। कोर्ट ने एसएचओ हौज खास से अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। इसके लिए अर्जी 23 मई को पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अधीनस्थ अदालत को ट्रायल छह माह में पूरा करने का भी निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने शक्ति सिंह की अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने अन्य शर्तें भी लगाई है जिनका पालन न करने पर जमानत निरस्त करने की छूट दी है। याची दो मोटर साइकिल पर सवार हो चार दोस्त दिल्ली से हरिद्वार जा रहे थे। रास्ते में दुर्घटना हुई। गंभीर रूप से घायल एक साथी को मरणासन्न स्थिति में छोड़कर तीनों दोस्त भाग गये। पुलिस व परिवार को सूचना नहीं दी। सह अभियुक्तों की जमानत पहले हो चुकी है। आरोप है कि दोस्त की लाश फेंक कर तीनों भाग गए, जबकि याची का कहना था कि वे इलाज नहीं करा सकते थे। इसलिए भाग गए। एफआईआर मुजफ्फरनगर के पुरकाजी थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। कोर्ट ने कहा दोस्त को छोडकर भाग गए। धारा 304 में सजा मिल सकती है। मार डालने का दुराशय नहीं है और जमानत मंजूर कर ली।



### मेरठ में फूटा कोरोना बम, एक दिन में मिले 16 नए मरीज

**मेरठ, 12 अप्रैल (एजेंसी)।** जनपद में कोरोना के बुधवार को 16 मरीज मिले हैं। जिले में ऐसा करीब एक साल बाद हुआ है, जब एक दिन में 10 से ज्यादा मरीज मिले हैं। खांसी, जुकाम की शिकायत पर इन्होंने मेडिकल कॉलेज की माइक्रोबायोलॉजी लैब में जांच कराई गई, जिसमें पुष्टि हुई है। जिले में अब सक्रिय मरीजों की संख्या 30 हो गई है। इनमें से चार अस्पतालों में भर्ती हैं, जबकि 26 घर पर रहकर इलाज करा रहे हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. अशोक तालियान का कहना है कि मरीज ठीक हैं, उन्हें खांसी और जुकाम के अलावा और कोई लक्षण नहीं है।

## बड़ौत रोड पर सड़क किनारे खड़े पेड़ दे रहे हादसों को न्यौता

**बुढाना, 12 अप्रैल (बु.)।** बड़ौत रोड पर सड़क किनारे खड़े कुछ पेड़ हादसों को न्यौता दे रहे हैं। विगत रात्रि सड़क किनारे खड़ा एक पेड़ 3 लोगों की जान ले गया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने भी इन पेड़ों को सड़क से हटाए जाने की मांग की है। बताया जाता है कि हरे भरे पेड़-पौधे जिंदगी देते हैं लेकिन बड़ौत रोड पर सड़क किनारे खड़े कुछ पेड़ लोगों की जान ले रहे हैं। इस ओर ना ही तो वन विभाग का, ना ही स्थानीय प्रशासन का या फिर निजी स्वामित्व रखने वालों का किसी भी तरह का ध्यान है। जिम्मेदार विभाग इन्हें कटवाने को लेकर संवेदनशील नहीं दिख रहा है। कमाल तो यह है कि जब बड़ौत रोड का निर्माण हुआ होगा, तब ठेकेदार ने सड़क बनवाने के दौरान सड़क के बीचों बीच और किनारे पर आए इन पेड़ों को कटवाना भी ठीक नहीं समझा। बस इनको यूं ही छोड़ दिया। अब ये पेड़ कभी ना कभी हादसे का कारण बन रहे हैं। बड़ौत रोड पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में गाड़ियां गुजरती हैं। बाइक, साइकिल सवार और पैदल लोग भी मगर किसी का भी ध्यान रोड के किनारे खड़े पेड़ों की ओर ही नहीं जा पाता। अब एक कार अनियंत्रित होकर रोड के पास खड़े पेड़ से टकराई और तीन लोग मर गये, तो अब लोगों का ध्यान इन पेड़ों की ओर गया है। क्या संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान देंगे।



### जानसठ में अध्यक्ष पद के लिए 6 नामांकन-पत्र खरीदे

**जानसठ, 12 अप्रैल (बु.)।** तहसील में दूसरे दिन बुधवार को जानसठ नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाले 6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे, जबकि सभासद पद के 33 उम्मीदवारों ने दूसरे दिन नामांकन-पत्र खरीदे। अब तक अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने वाले 8 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन-पत्र खरीदे हैं, जबकि सभासद पद पर अब तक 49 उम्मीदवारों ने नामांकन-पत्र खरीदे।

नामांकन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया को लेकर एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव ने तहसील में व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीएम अभिषेक कुमार, सीओ शकील अहमद, थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जानसठ, 12 अप्रैल (बु.)।** भाजपाइयों ने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत सड़कों पर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष संगठन के निदेशानुसार भाजपा स्थापना दिवस 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती तक सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत जानसठ नगर के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें जानसठ मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने सफाई अभियान चलाया। जिसमें मुख्य रुप से भाजपा के निवर्तमान चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना, रजनीश सैनी, मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल, निर्वतमान नामित सभासद विशाल सैनी, ऋतुराज, सत्येंद्र धामा, विकास सैनी, राजू भैया वाल्मीकि, महेश चंद शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



### मीरापुर में अध्यक्ष पद के लिए 6 नामांकन पत्र खरीदे

**जानसठ, 12 अप्रैल (बु.)।** मीरापुर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए बुधवार को दूसरे दिन 6 उम्मीदवारों ने नामांकन-पत्र खरीदे, जबकि सभासद पद के लिए 25 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन-पत्र खरीदे।

अब तक मीरापुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाले 9 उम्मीदवार नामांकन-पत्र खरीद चुके हैं। वहीं अब तक सभासद पद के लिए 41 उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र खरीद चुके हैं।

## कार्रवाई की मांग को लेकर महिलाओं का हंगामा, रो-रोकर लगाई गुहार

**शामली, 12 अप्रैल (बु.)।** गोहरनी निवासी परिवार द्वारा दबंगों पर फसल नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को एक बार फिर कलेक्ट्रेट पर हंगामा कर दिया। परिवार की महिलाओं ने रो-रोकर डीएम से दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगायी। मौके पर पहुंचे एडीएम ने परिजनों को किसी तरह शांत किया। बाद में डीएम ने भी पीड़ितों की फरियाद सुनकर जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव गोहरनी निवासी एक परिवार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर गांव के ही दबंगों पर उनकी गन्ना व गेहूं की फसल को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। बुधवार को पीड़ित परिवार की महिलाएं फिर से कलेक्ट्रेट पहुंच गयी तथा दबंगों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। महिलाओं ने रोते-रोते बताया कि गांव के ही कुछ दबंगों ने उनकी गन्ना व गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया है, जिससे उन्हें करीब दो लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है और उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। महिलाओं ने रोते-रोते अधिकारियों से कार्रवाई की गुहार लगायी। मौके पर पहुंचे एसडीएम उद्धव त्रिपाठी ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे डीएम से मुलाकात कराने की मांग पर अड़ गयी। बाद में एडीएम संतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी दौरान डीएम रविन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए तथा रोती हुई महिलाओं को शांत करते हुए उन्हें मामले की जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

## मंदिर के बाहर जलभराव की समस्या से निजात की मांग

**-ग्रामीणों ने डीएम से लगाई राहत की गुहार, सौंपा ज्ञापन**

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** हिन्दू धर्म की आस्था के प्रतीक शिव मंदिर के बाहर फैली गंदगी के साथ ही जलभराव की समस्या से मुक्त कराने की खातिर दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम दरबार में पहुंच राहत की मांग की है। गांव में जल निकासी व गंदगी से आहत लोगों ने इस समस्या का निदान कराने के लिए डीएम से मुलाकात करते हुए सड़कों पर फैली गंदगी के साथ जलभराव की उक्त बड़ी समस्या का स्थायी निदान कराने की मांग की। डीएम ने इस मामले का निदान कराने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। बुधवार को पुरकाजी क्षेत्र के गांव मलकपुरा मजरा रानी का बसेड़ा में लंबे समय से चली आ रही जल निकासी की समस्या का स्थाई समाधान कराए जाने की मांग की। डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी से मिले ग्रामीणों ने बताया कि गांव मलकपुरा में पानी की निकासी का कोई स्थाई समाधान न होने के कारण बीते कई माह से मंदिर के बाहर जलभराव की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है, जिससे जहां एक ओर हिन्दू समाज के लोगों की धार्मिक आस्था पर दुष्प्रभाव डाल रही है, वहीं महिलाओं और पुरुषों को इस गंदगी से होकर मंदिर में पूजा अर्चना को जाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। बुधवार को इस समस्या के निदान की मांग को लेकर गांव मलकपुरा मजरा रानी का बसेड़ा के लोगों ने मांगेराम, रविन्द्र व भगवान सिंह आदि के नेतृत्व में डीएम से मिले।

डीएम से मिले ग्रामीणों ने गांव की उक्त बड़ी समस्या का निदान कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में ग्रामीणों ने गांव की मुख्य सड़कों पर फैली हुई गंदगी के साथ जलभराव की उक्त बड़ी समस्या का भविष्य में स्थायी निदान कराने की मांग की। डीएम ने ग्रामीणों ने इस समस्या का निदान कराने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। इस दौरान डीएम कार्यालय पर मुख्य रूप से चतरा, अंकित, रामू, अनुज, बाली, अश्वनी, विनोद, राजकुमार, नीरज, धर्मेन्द्र, अर्जुन, प्रवीन, पप्पू, बसंत, पप्पन, सुभाष आदि मौजूद रहे।

## युवक फांसी पर झूला

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** छपार में एक युवक नशे की हालत में फांसी पर झूल गया। परिजन युवक को फंदे से उतारकर उपचार के लिये जिला अस्पताल लाए, जहां से उसे रैफर कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छपार निवासी 28 वर्षीय टिंकू पुत्र ऋषिपाल ने नशे की हालत में खुद को फांसी लगा ली। समय रहते परिजनों की नजर उस पर पड़ गई। परिजन उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिये जिला अस्पताल लाए, जहां से चिकित्सकों ने उसे रैफर कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी है, पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

## गोदाम में फांसी पर झूलता मिला नौकर का शव

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** भौराकलां थाना क्षेत्र के कस सिसौली में पेंट की दुकान में काम करने वाले 18 वर्षीय युवक का शव गोदाम में फांसी पर झूलता हुआ मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहंची पुलिस ने शव को कब्जे में लकर परीक्षण हेतु भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिसौली निवासी 18 वर्षीय श्रवण पुत्र नितिन कुमार कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित पेंट की दुकान में काम करता था। रोजाना की तरह आज भी वह अपने काम पर आया था। बाद में उसका शव गोदाम में फांसी पर झूलता हुआ मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया।

## वकील पर फेंका तेजाब

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** एक व्यक्ति ने पड़ौसियों पर उसके पुत्र पर तेजाब फेंकने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिविल लाइन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में दक्षिणी सिविल लाइन निवासी उदयवीर पुत्र जगत सिंह ने बताया कि उसके पड़ौसी ने शिविर का कनेक्शन नहीं लिया है और गंदगी सीधे नाली में डालता है, जिसके चलते कई बार पड़ौसी से कहासुनी हो चुकी है। आरोप है कि इसी रंजिश के चले उसके पडौसी ने अपने घर की छत से उसके पुत्र वरुण पर तेजाब फेंका। तेजाब से उसके घर के सामने लगा पेड़ झुला गया और उसका पुत्र बाल बाल बच गया। जिस युवक पर तेजाब फेंका गया वह अधिवक्ता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## पिता-चाचा, बुआ को घर के इकलौते चिराग ने दी मौत

**बागपत, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** घर में बड़ी मिन्नतों के बाद जले इकलौते चिराग ने ही तीन रिश्तों की डोर को जला दिया। पिता, चाचा, बुआ को कभी उम्मीद भी नहीं थी कि जिसकी जिंदगी भर की तकलीफ दूर करने के लिए वह दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, वहीं उनकी जिंदगी छीन लेगा। यही नहीं उसने दूसरी बुआ को फोन कर कहा कि मैने तीनों का मार दिया है। छपरौली थाना क्षेत्र के शबगा गांव में शराब के नशे में एक युवक ने मंगलवार की देर रात्रि अपने पिता,चाचा व बुआ की गला दबाकर बेरहमी से हत्या कर दी। इसे बाद तीनों के शव एक चारपाई पर रखकर रजाई से ढक दिए। बुधवार सुबह हत्यारोपी सिरसली गांव में अपनी दूसरी बुआ के घर पर पहुंचा और हत्याकांड की जानकारी देते हुए बोला कि मैंने तीनों की हत्या कर दी है, जाकर उनका अंतिम संस्कार कर दो। बताया गया है कि शबगा गांव निवासी कालू के दो बेटे ऋषिपाल व श्रीपाल और दो बेटियां वीरमति व सरोज थीं। बेटी वीरमति की शादी करने के बाद कालू ने बेटे ऋषिपाल व श्रीपाल की शादी की, लेकिन ऋषिपाल व श्रीपाल की पत्नियों को कोई संतान नहीं हुई। इसके बाद कालू ने ऋषिपाल व श्रीपाल की दूसरी शादी की, लेकिन श्रीपाल को फिर भी कोई संतान नहीं हुई। जबकि ऋषिपाल की पत्नी को एक बेटा अंजुल उर्फ मालू हुआ। वहीं वीरमति भी ससुराल में विवाद होने के कारण मायके में आकर रहने लगी। इस बीच ही किन्हीं कारणों से ऋषिपाल व श्रीपाल की दोनों पत्नियां उन्हें छोड़कर अपने घर चली गई थीं। वीरमति ही अपने भाइयों के साथ मिलकर परिवार के इकलौता वारिस अंजुल का पालन-पोषण इस उम्मीद के साथ कर रही थी कि वह उनके बुढ़ापे का सहारा बनेगा। उन्हें क्या मालूम था कि वह जमीन ही उनकी हत्या का कारण बनेगी और उनका इकलौता खून ही उनको मार डालेगा।

## दिल्ली में मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव हेतु अधिसूचना जारी, 18 अप्रैल तक नामांकन, 26 को चुनाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो गई है। 18 अप्रैल तक नामांकन की प्रक्रिया चलेगी, जबकि 26 तारीख को मतदान होगा। वहीं कयास लगाए जा रहे हैं कि आप और भाजपा दोनों ही मेयर और डिप्टी मेयर के प्रत्याशी दोहरा सकते हैं। जानकारी के मुताबिक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को मेयर, डिप्टी मेयर चुनाव की अधिसूचना जारी हुई। साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 18 अप्रैल नामांकन की आखिरी तारीख होगी। आखिरी वक्त में ही दोनों पार्टियों की ओर से नामांकन दाखिल किए जाने की संभावना है। 26 अप्रैल को सदन की पहली बैठक में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव होने हैं। मेयर चुनाव की तारीख का एलान होते ही निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में भी सरगर्मी बढ़ गई है। आम आदमी पार्टी के पार्षदों की मानें तो शैली ओबरॉय का दोबारा मेयर प्रत्याशी बनना तय है। वहीं मेयर चुनाव के परिणाम को लेकर स्थिति पूरी तरह साफ दिखती है, लेकिन राजनीतिक हलके में चर्चा है कि अगले वर्ष लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा अपना मेयर बनाने की पूरी कोशिश करेगी।

## मोदी बोले- गहलोत हमारे मित्र, हम पर भरोसा जताया

**जयपुर, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** पीएम मोदी ने वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ समारोह को लाइव संबोधित करते हुए कहा, गहलोत जी का मैं विशेष रूप से आभार प्रकट करता हूं, कि इन दिनों वो राजनीतिक आपाधापी में उनका अनेक संकटों से वो गुजर रहे हैं। उसके बावजूद भी विकास के काम के लिए समय निकालकर आए। रेलवे कार्यक्रम में आकर हिस्सा लिया। मैं उनका स्वागत भी करता हूं, अभिनंदन भी करता हूं। मैं गहलोत जी को कहना चाहता हूं, गहलोत जी आपके तो दो-दो हाथ में लड्डू हैं। रेलमंत्री भी आपके राजस्थान के हैं और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन भी राजस्थान के हैं, तो आपके तो दो-दो हाथ में लड्डू हैं। यह कहकर मोदी ने ठहाके लगाकर हंसी छोड़ दी। मोदी ने आगे कहा, जो काम आजादी के तुरंत बाद होना चाहिए था, अब तक नहीं हो पाया। लेकिन आपका मुझ पर इतना भरोसा है, इतना भरोसा है कि वो काम भी आज आपने मेरे सामने रखे हैं। आपका ये विश्वास यही मेरी मित्रता की अच्छी ताकत है और एक मित्र के नाते आप जो भरोसा रखते हैं, इसके लिए मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

## डॉ .अशोक अग्रवाल व उनकी पुत्रवधु रेणु अग्रवाल सम्मानित



**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** नगर के सबसे पुराने और प्रमुख पैथोलॉजिस्ट डॉ.अशोक कुमार तथा उनकी पुत्रवधु डॉ. रेणु अग्रवाल को चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। क्लिनिकल पैथोलॉजी लेबोरेट्री एंड हार्मोन सेंटर, सदर बाजार के प्रमुख पैथोलॉजिस्ट डॉ अशोक कुमार को दिल्ली में एपीपी (एसोसिएशन ऑफ प्रैक्टिसिंग पैथोलॉजिस्ट) दिल्ली की सभा में मुजफ्फरनगर स्थित उनकी प्रयोगशाला के परीक्षण परिणामों की सटीकता सहित पैथोलॉजी और प्रयोगशाला चिकित्सा में दक्षता का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। एपीपी द्वारा हिस्टोपैथोलॉजी और साइटोलॉजी स्लाइड्स के निदान में सटीकता के लिए उनकी धर्मपत्नी डॉ. रेणु अग्रवाल को भी प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## युवक ने संदिग्ध परिस्थिति में खुद को मारी गोली, मौत

▸ खेड़ीकरमू गांव का मामला, परिजनों में मचा हा-हाकार ▸ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, गांव में चर्चा: नशे का आदी था युवक



**शामली, 12 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र के गांव खेड़ीकरमू में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत से जहां परिजनों में हा-हाकार मच गया, वहीं गांव में भी दहशत फैल गयी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। चर्चा है कि युवक नशे का आदी था और अक्सर घर में ही रहता था।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ीकरमू निवासी 34 वर्षीय दिग्विजय सिंह उर्फ जुगनू अपनी पत्नी शिवानी व दो बच्चों तीन वर्षीय बेटी शिदाक्षी व डेढ़ वर्षीय पुत्र शिवाय के साथ मकान की दूसरी मंजिल पर रहता था। बुधवार की दोपहर करीब ढाई बजे दिग्विजय सिंह ऊपरी मंजिल से नीचे बने एक कमरे में पहुंचा तथा दरवाजा बंद कर दिया। थोड़ी ही देर बाद कमरे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जिस पर पत्नी व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तथा किसी तरह दरवाजा तोड़ा, तो देखा कि दिग्विजय सिंह का खून से लथपथ शव वहां पड़ा हुआ है, शव के निकट ही एक पिस्टल भी पड़ी हुई है। दिग्विजय की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया, जिस पर आसपास के लोग भी तुरंत मौके की ओर दौड़े तथा कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा पिस्टल को अपने कब्जे में लेते हुए शव को भी पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों के अनुसार दिग्विजय सिंह फिलहाल कोई काम नहीं करता था और घर में रहता था। उसकी शादी मुजफ्फरनगर जनपद के गांव फुगाना निवासी शिवानी के साथ हुई थी। वहीं गांव में चर्चा है कि युवक नशे का बहुत बुरी तरह आदी था और सम्भवतः नशे के चलते ही उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है। युवक की मौत से पत्नी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, ग्रामीण परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं।

## मौसी-भांजे की हत्या के तीन आरोपी बरी

### गला काटकर हुई थी हत्या, युवती से रेप तो बच्चे के शरीर से अंग निकाल लिए गए थे

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** 6 वर्ष पहले गला काटकर हुई मौसी-भांजे की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को कोर्ट ने मंगलवार को संदेह का लाभ बताकर बरी कर दिया। इस हत्याकांड की गूंज देशभर में सुनाई दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आया था कि युवती की हत्या रेप के बाद की गई थी, जबकि 6 वर्षीय बालक की गला काटकर हत्यारे, शरीर के अंग भी निकालकर ले गए थे। चरथावल क्षेत्र के गांव लुहारी खुर्द की रहने वाली 19 वर्षीय दलित युवती 19 दिसंबर 2017 को गन्ना छीलने के लिए पूर्व प्रधान के खेत पर गई थी। उसके साथ उसका 6 वर्षीय भांजा नवदीप भी चला गया था। दिन भर इंतजार के बाद रात को जब युवती और उसका भांजा नहीं लौटे, तो परिवार वालों को चिंता हुई। परिजन खोजबीन में जुट गए, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। पुलिस में दोनों की गुमशुदगी दर्ज की थी। अगले दिन सुबह पूर्व प्रधान तेजवीर के खेत से दोनों के शव बरामद हुए थे। पुलिस ने 19 वर्षीय युवती और उसके भांजे नवदीप की हत्या का मुकदमा अज्ञात के ऊपर दर्ज किया था। जांच में सामने आया था कि गर्दन काटकर हत्या से पहले युवती के साथ रेप किया गया था। दाईं आंख, हाथ और अन्य कई अंग नवदीप के शरीर से गायब मिले थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी शराफत उर्फ फद्दड़ को गिरफ्तार कर घटना की जानकारी हासिल कर ली थी। इसके बाद 25 दिसंबर को थानाभवन रोड पर गांव सिकंदरपुर के समीप सुबह के समय पुलिस की दो हत्यारोपियों से मुठभेड़ हुई थी। पैर में गोली लगने से आरोपी मुकम्मल पुत्र शमशाद और जानू और जान आलम गिरफ्तार कर लिए गए थे। इनके कब्जे से मृतका का मोबाइल भी बरामद हुआ था। घटना के मुकदमे की सुनवाई विशेष एससी एसटी कोर्ट के जज रजनीश कुमार ने की। दोनों पक्ष की सुनवाई कर संदेह का लाभ देते हुए उन्होंने तीनों आरोपियों को बरी कर दिया गया।

## रतनपुरी पुलिस ने पकड़ा अवैध हथियारों का जखीरा

### ▸ चंदसीना गांव में तमंचे, बंदूके व अन्य शस्त्र बनाते एक दबोचा

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** निकाय चुनाव के मद्देनजर सतर्कता बरत रही पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हथियारों के बड़े जखीरे सहित एक बदमाश को गिरफ्तार किया है, जो अपने घर में ही अवैध हथियारों का निर्माण कर रहा था। बरामद अवैध हथियारों में तमंचे और बंदूकें शामिल हैं। अवैध शस्त्र बनाने की यह फैक्ट्री रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव चंदसीना में चल रही थी। एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस शातिर बदमाशों पर शिकंजा कस रही है। उन्होंने बताया कि निकाय चुनाव के दौरान किसी भी क्षेत्र में अशांति की किसी भी आशंका को लेकर पुलिस मुस्तैद है। इसी के क्रम में थाना रतनपुरी पुलिस ने गांव चंदसीना में एक घर में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री संचालित होते पकड़ी। उन्होंने बताया कि मौके से भारी मात्रा में बने अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। हथियार बनाने में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण भी बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि गांव चंदसिना से शमीम पुत्र मुस्तकीम निवासी चन्दसीना थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया है। वह अपने घर में ही अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन कर रहा था। एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दबोचे गए शमीम के घर से 06 तमंचे 12 बोर, 02 तमंचे 315 बोर और 03 देशी बन्दूक 12 बोर तथा 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि इनके अलावा 212 खोखा कारतूस 12 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 नाल 315 बोर भी बरामद हुए। इनके अलावा अवैध हथियार बनाने में प्रयोग होने वाले उपकरण भी भारी मात्रा में बरामद हुए।

## किशोरी से दुष्कर्म और बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में सजा सुनाई

**कैराना, 12 अप्रैल (बु.)।** किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में अपर जिला सत्र न्यायालय मुमताज अली ने 2 मुजरिमों को सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चौहान और विशेष लोक अभियोजक पुष्पेंद्र मलिक ने बताया कि 25 जून 2018 को झिंझाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी को दो युवक बहला-फुसलाकर ले गए थे। किशोरी के पिता ने झिंझाना थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए उसके बयान दर्ज कराए थे। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रवीण और राजीव निवासी गांव पिंडोरा थाना झिंझाना को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया था, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किए थे। अभियोजन पक्ष की ओर से 6 गवाह पेश किए गए। बुधवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का दोष सिद्ध पाए जाने पर मुजरिम राजीव निवासी पिंडोरा को 5 साल के कारावास और 10 हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में दोष सिद्ध पाए जाने पर मुख्य मुजरिम प्रवीण निवासी पिंडोरा को आजीवन कारावास और 30 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

## मीनाक्षी व लवली शर्मा समेत 270 दावेदारों ने लिए नो ड्यूज

### ▸ पालिका में नो ड्यूज की एवज में जमा कराए 4.67 लाख रुपए ▸ डीएम की सख्ती के बाद नगर पालिका में सुधरे हालात



**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** यूपी में नगर निकाय चुनाव के बजे बिगुल के बीच जिले में चुनावी समर में किस्मत आजमाने के इच्छुक रहे प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ गई है। ऐसे में नामांकन से जुड़े कागजातों को दुरूस्त करने के साथ ही चुनाव से जुड़े जरुरी दस्तावेज को लेकर भागदौड़ तेज हो गई है। बुधवार को जनपद में पहले चरण की शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के बीच नगर पालिका परिषद से जुड़े करीब 270 दावेदारों ने पालिका में हाऊस टैक्स व वॉटर टैक्स को जमा कराने के लिए आवेदन किया, जिनके नो ड्यूज बनवाने से नगर पालिका में करीब 4.67 लाख रुपए टैक्स के रूप में जमा हो गए। इस सूची में भाजपा से संभावित प्रत्याशी मीनाक्षी स्वरूप और सपा नेता राकेश शर्मा की पत्नी लवली शर्मा समेत 270 दावेदारों ने नो ड्यूज प्राप्त किए हैं। पालिका में टैक्स जमा कराने के लिए दूसरे दिन भी ऐसे लोगों का जमावडा सा लगा रहा। दूसरे दिन पालिका में नो ड्यूज बनवाने और टैक्स जमा कराने के लिए बेहतर व्यवस्था दिखाई दी। वहीं पालिका में टैक्स जमा कराने को लोगों को अधिक समय तक लाइन में नहीं लगना पड़ा।

नगरीय निकाय चुनाव के बजे बिगुल के बीच नामांकन प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाने वाले नो ड्यूज को लेकर तमाम दिग्गजों में उत्साह देखा जा रहा है। नगर पालिका में नो ड्यूज बनवाने को लेकर बुधवार को दूसरे दिन ईओ के निर्देशन में सब कुछ बेहतर दिखाई दिया। ऐसे में पालिका में आए लोगों को जहां इस बीच में नो ड्यूज के लिए टैक्स को जमा कराने में अधिक इंतजार नहीं करना पड़ा, वहीं इससे पालिका के कर विभाग में बकाया के रूप में दिनभर धन वर्षा हुई। बुधवार को भाजपा से संभावित प्रत्याशी मीनाक्षी स्वरूप और सपा नेता राकेश शर्मा की पत्नी लवली शर्मा समेत 270 दावेदारों ने अपना नो ड्यूज प्राप्त किया है। हालांकि पहले दिन हुई अव्यवस्था ने आलाधिकारियों के समक्ष नगर पालिका के अफसरों को शर्मिन्दा कर दिया था। पहले दिन मंगलवार को नो ड्यूज बनवाने के लिए ऐसे में नगर पालिका में कर जमा कराने आए लोगों को अव्यवस्था के चलते टैक्स खिड़की पर रसीद कटने का कार्य बंद हो जाने पर कुछ लोगों ने हंगामा करने के साथ ही बिगडी हुई व्यवस्था की शिकायत डीएम से भी की थी। दूसरे दिन पालिका में नो ड्यूज को लेकर व्यवस्था सहीं रही है। मंगलवार को पालिका से करीब 175 दावेदारों ने नो ड्यूज बनवाने के साथ उनके द्वारा करीब 2.75 हाऊस व वॉटर टैक्स जमा किया था, वहीं दूसरे दिन बुधवार को करीब 95 दावेदारों ने नो ड्यूज बनवाने के लिए 1.92 लाख रुपए टैक्स जमा किए। पिछले दो दिनों में ऐसे में नो ड्यूज के लिए 270 दावेदारों द्वारा नगर पालिका के राजकोष में करीब 4.67 लाख रुपए जमा किए हैं, जो पालिका में बड़ी धन वर्षा से कम नहीं।

## 20 वर्षीय युवक को गोली मारकर किया घायल, रैफर



**शाहपुर, 12 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र के गांव काकडा में 20 वर्षीय युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया,युवक को गंभीर हालत के चलते मेरठ रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक तहरीर नही दी है। क्षेत्र के गांव काकडा निवासी 20 वर्षीय युवक मयंक पुत्र ओमसिंह देर शाम अपने घर पर बैठा हुआ था कि रंजिश के चलते गांव पुलर्की थाना देवबंद निवासी आयुष ने देर शाम को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहा चिकित्सकों ने युवक की गंभीर हालत के चलते मेरठ रेफर कर दिया खबर लिखे जाने तक थाने में कोई तहरीर नही आई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## नामांकन स्थल का एसपी सिटी ने किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** आगामी नगर निकाय चुनाव नामांकन प्रक्रिया की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर व सदर तहसील स्थित नामांकन स्थल का निरीक्षण किया। नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन सम्बन्धी विविध कार्यों को समयबद्ध एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने, निर्वाचन के सकुशल संचालन तथा उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने कलेक्ट्रेट परिसर व सदर तहसील स्थित नामांकन स्थल का निरीक्षण किया। एसपी सिटी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए बैरीकेडिंग, कन्ट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे व अन्य सुरक्षा उपकरणों तथा यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसपी सिटी ने ड्यूटीरत् पुलिसबल को नगर निकाय चुनाव नामांकन प्रक्रिया के दौरान उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी गाइडलाइंस का शत-प्रतिशत पालन कराने, नामांकन के लिए आने वाले सभी प्रत्याशियों को चैकिंग के बाद ही अंदर भेजने, बिना आईडी, कार्ड व अनावश्यक लोगों को प्रवेश न देने, प्रत्याशी समर्थकों को निश्चित दूरी पर रोकने, भीड़-इक्टठी न होने देने तथा आदर्श आचार संहिता का पालन करने व करवाने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## दो अवैध नर्सिंग होम्स पर छापा, पंजीकरण निरस्त






**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** जनपद के दो नर्सिंग होम पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई करते हुए इनके पंजीकरण निरस्त कर दिए हैं। शिफा नर्सिंग होम एवं अपना नर्सिंग होम के पंजीकरण निरस्त किए गए। सीएमओ ने चेतावनी दी है कि जिन चिकित्सालय पर पंजीकृत चिकित्सक नहीं मिलेंगे उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इन दोनों नर्सिंग होम पर पंजीकृत चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए थे। वहां मौजूद स्टाफ कागजात भी नहीं दिखा पाया।इसके बाद चिकित्सा विभाग ने कार्रवाई करते हुए मुजफ्फरनगर नगर क्षेत्र के दो नर्सिंग होम के पंजीकरण निरस्त कर दिए हैं। सीएमओ डॉ.महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि अपना नर्सिंग होम बझेड़ी रोड तथा शिफा नर्सिंग होम बकरा मार्केट का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। वहां पर उन्होंने पाया कि दोनों नर्सिंग होम में निरीक्षण के दौरान पंजीकृत चिकित्सक अनुपस्थित मिले जिस वजह से तत्काल दोनों नर्सिंग होम का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में यदि कोई भी हॉस्पिटल पंजीकृत चिकित्सक के बिना चलते हुए मिलता है तो ऐसे हॉस्पिटल के पंजीकरण को तुरंत निरस्त किया जाएगा तथा उनके विरुद्ध विधिक अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि की सभी अपना चिकित्सकीय उपचार एवं परामर्श सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों या पंजीकृत चिकित्सकों व पंजीकृत चिकित्सालय से ही कराएं तथा झोलाछाप से सावधान रहें।

## पालिका से 11 गांव के लोग नो ड्यूज पर लगवा रहे रिपोर्ट

**मुजफ्फरनगर।** नगर निकाय चुनाव की बजी रणभेरी के बीच जनपद की मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद का बीते दिनों हुआ सीमा विस्तार ग्रामीण अंचलों से जुड़े दावेदारों की परेशानी का सबब बनता जा रहा है। नगरपालिका से सटे देहात क्षेत्र के इन इलाकों में हुए सीमा विस्तार में पालिका से सटे 11 गांवों को शामिल किया गया है। इन 11 गांव के शामिल होने से नगर पालिका में पांच वार्ड बढ़कर अब 55 वार्ड हो गए है। पालिका में शामिल हुए 11 गांव से चुनावी समय में किस्मत आजमाने वाले इन तमाम दावेदारों को सर्वाधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दावेदारों को नामांकन पत्र दाखिल किए जाने से पूर्व जहां इन्हें अब अपना नो ड्यूज बनवाने के लिए संबंधित ब्लॉक, तहसील और जिला पंचायत से नो ड्यूज बनवाने के साथ उक्त प्रमाण पत्र को इस बार नगर पालिका से भी रिपोर्ट लगवाने के लिए आना पड़ रहा है। ऐसे में बुधवार को दूसरे दिन पालिका में दिनभर ऐसे लोगों का तांता सा लगा रहा।

## राहुल के साथ नीतिश और तेजस्वी ने पकाई गठबंधन की खिचड़ी

**नई दिल्ली, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बुधवार को कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे से मिलने उनके दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस दौरान खरगे के साथ ही मौजूद रहे। सभी नेता विपक्षी एकता के मुद्दे को लेकर आपस में बैठक कर रहे थे। इस दौरान सिर्फ तेजस्वी ने कुछ नहीं बोला बाकी सभी नेताओं ने अपना-अपना पक्ष रखा। सभी विपक्षी नेताओं ने एकजुट होने पर सहमति दी है। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दल इस महीने के अंत में एक और बैठक करेंगे। इस दौरान खरगे और नीतीश सभी से बात करेंगे। इस दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभी पार्टियों को एकजुट करना और एक होकर आगे जो चुनाव आएंगे, उस चुनाव में एकजुटता दिखाकर लड़ना और यह हमारा निर्णय हुआ है। हम सब उसी रास्ते पर काम करेंगे। तेजस्वी जी, नीतीश जी, सभी हमारे नेतागण जो यहां बैठे हैं। हम सब उसी लाइन पर काम करेंगे। वहीं, नीतीश कुमार ने कहा कि गठबंधन को एकजुट करने का प्रयास किया गया है। हम सब साथ बैठेंगे और चीजों को तय किया गया है। हम लोगों की इस पर अंतिम तौर पर बात हो गई है। जितने लोग हमारे साथ सहमत होंगे, हम उनके साथ भी बात करेंगे। साथ में बैठने तो दीजिए, हम लोगों को। इस मौके पर राहुल गांधी ने कहा कि जो नीतीश जी ने कहा कि विपक्ष को एक करने में बहुत एतिहासिक कदम लिया गया है। कितनी विपक्षी पार्टियों को इकट्ठा करना है। ये एक प्रक्रिया है। विपक्ष का जो भी नजरिया है, उसे हम विकसित करेंगे और जो भी पार्टियां विचारधारा की लड़ाई में साथ आना चाहती हैं उसको लेकर चलेंगे। जो संस्थानों पर आक्रमण हो रहा है, देश पर आक्रमण हो रहा है, उसके खिलाफ हम लड़ेंगे। गौरतलब है कि बिहार में राजद-जदयू और कांग्रेस का गठबंधन है। तीनों ही पार्टियां इस महागठबंधन के अंतर्गत बिहार और लोकसभा चुनाव में भाजपा का सामना करने के कदमों पर चर्चा कर चुकी हैं।

## राहुल आदतन अपराधी हैं: पूर्णेश मोदी ने अदालत में कहा

**अहमदाबाद, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने सूरत की एक अदालत में आपराधिक मानहानि के मामले में दोषसिद्धी पर रोक लगाने की राहुल गांधी की याचिका का विरोध किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस नेता बार-बार अपराध करने वाले अपराधी हैं और उन्हें मानहानिकारक बयान देने की आदत है। मोदी ने अदालत के बाहर कांग्रेस के प्रदर्शन का जिक्र किया और कहा कि जिस तरह से गांधी दो साल जेल में की सजा सुनाए जाने के मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने आए, वह 'असाधारण अहंकार' और 'बचकाना अहंकार' का बहुत बुरा प्रदर्शन है और यह 'अदालत पर दबाव बनाने का अपरिपक्व कृत्य' दिखाता है। सत्र अदालत गांधी की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करेगी। शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी ने मंगलवार को जवाब में अपना हलफनामा दाखिल किया। उन्होंने गांधी पर अपने सहयोगियों और कांग्रेस नेताओं के जरिए अदालत के खिलाफ अनुचित और तिरस्कारपूर्ण टिप्पणी करने का भी आरोप लगाया। पूर्णेश मोदी ने अपने हलफनामे में कहा, आरोपी की अभिव्यक्ति की आजादी और राजनीतिक आलोचना व असहमति के नाम पर ऐसे अपमानजनक और गैर जिम्मेदाराना बयान देने की आदत है, जो दूसरों की भावना को आहत कर सकते हैं। पूर्ववर्ती गुजरात सरकार में मंत्री रह चुके पूर्णेश मोदी ने कहा, आरोपी बार-बार अपराध करने वाला है और अन्य जगहों पर भी मानहानिकारक बयानों के लिए आरोपों का सामना कर रहा है और एक मामले में माफी मांगने के बाद उच्चतम न्यायालय ने उसे चेतावनी दी थी। मोदी ने अपने हलफनामे में आपराधिक मानहानि के 11 मामलों और विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने (जिनमें से सात वर्तमान में विभिन्न अदालतों में लंबित हैं) का हवाला दिया, जिसका सामना गांधी कर रहे हैं।

## विधवा के नकदी गहने किये चोरी, पूछने पर बुरी तरह पीटा

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** एक महिला ने पड़ौसी महिला पर उसके घर से नकदी गहने चोरी करने व अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अदालत के आदेश पर पुलिस में दर्ज हुई रिपोर्ट में मोहल्ला अवध विहार निवासी लता पत्नी स्व. रवि कुमार ने बताया कि वह एक माह के लिये अपने मायके गई थी। इसी बीच पड़ौस में रहने वाली महिला ने उसके घर के ताले तोड़कर नकदी व गहने चोरी कर लिये। वापस लौटने पर उसने अपने कमरे के ताले टूटे पाए और उक्त महिला से अपने सामान व नकदी की बाबत पूछा, जिस पर उक्त महिला ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर उसे बुरी तरह मारा पीटा। सूचना पर पुलिस की पीआरवी वैन मौके पर पहुंची और आरोपियों को थाने ले गई, लेकिन थाना पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। तब पीड़िता ने अदालत की शरण ली। अदालत के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## युवती का अपहरण, रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 12 अप्रैल (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती का अपहरण कर लिया गया। युवती के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। मंसूरपुर थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री गांव में ही दुकान पर सामान लेने गई थी। आरोप है कि रास्ते से भैंसी निवासी मौजी पुत्र बिरजू व बाबू पुत्र शेर सिंह उसकी पुत्री का अपहरण कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### शेष : गठबंधन में सीटों का..

वहीं सूत्रों के अनुसार रालोद खतौली नगरपालिका के साथ ही बुढ़ाना, शाहपुर, सिसौली और मीरापुर चेयरमैनी के लिए अपने प्रत्याशी उतारेगा। इन पांचों सीटों पर रालोद को प्रत्याशी उतारने के लिए लगभग अंतिम मुहर लग चुकी है। खतौली उपचुनाव में सपा-रालोद के साथ मिलकर गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया की जीत में भूमिका निभाने वाले आसपा प्रमुख चन्द्रशेखर के हिस्से में जिले की दो नगर पंचायतें भोकरहेडी और पुरकाजी आ रही हैं। यहां पर आसपा प्रत्याशी सपा और रालोद के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि अभी अधिकारिक तौर पर सीटों के बंटवारे को लेकर सपा रालोद गठबंधन की ओर से कोई अधिकृत बयान नहीं आया है, लेकिन करीबी सूत्रों का इस तरह का बंटवारा होने का दावा कर रहे हैं।

## पंजाब के बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग : चार जवानों की मौत

**चंडीगढ़ , 12 अप्रैल(एजेंसी)।** पंजाब के बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग की घटना के दौरान आर्टिलरी यूनिट के चार जवानों की गोली लगने से मौत हो गई। फायरिंग के मामले में अब तक का सबसे बड़ा खुलासा हुआ है। पंजाब पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एफआईआर के मुताबिक सेना के चार जवान सागर, कमलेश, संतोष और योगेश अपनी ड्यूटी के बाद कमरे में सो रहे थे। तभी सफेद कुर्ता पजामा पहने दो नकाबपोशों ने उन पर राइफल और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बठिंडा कैंट पुलिस ने 80 मीडियम रेजीमेंट के मेजर आशुतोष शुक्ला के बयान पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। मेजर ने पुलिस को बताया है कि उनकी यूनिट के एक वार्ड कर्मी ने घटना की सूचना दी। बताया कि कमरे में सो रहे चारों सैनिकों की दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वार्ड कर्मी के अनुसार दोनो आरोपी सफेद कुर्ते पजामे में थे और मुंह ढक रखा खा। मेजर ने अपने बयान में बताया कि वार्ड कर्मी के अनुसार आरोपी घटना को अंजाम देकर जंगल की तरफ भाग निकले। मेजर ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो बड़ी संख्या में कारतूस के खोल मिले। चारों जवान के पार्थिव शरीर खून से लथपथ कमरे में पड़े थे। एसपी (डी) अजय गांधी ने बताया कि पुलिस ने मेजर शुक्ला के बयान पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सैन्य अधिकारियों ने वार्ड कर्मी से पूछताछ की तो उसने बताया कि आरोपी चारों जवानों को मारने के बाद पांचवें जवान के कमरे का गेट खटखटा रहे थे लेकिन अंदर से बंद होने की वजह से आरोपी कामयाब नहीं हो सके। उधर, सेना ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग की घटना के दौरान आर्टिलरी यूनिट के चार जवानों की गोली लगने से मौत हुई है। अन्य कर्मियों को कोई चोट या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। इलाके को सील कर दिया गया है और पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जांच की जा रही है। दो दिन पहले गायब 28 कारतूस और एक इंसास राइफल की घटना में संलिप्तता की संभावना समेत सभी पहलुओं का पता लगाया जा रहा है। एसपी (डी) अजय गांधी ने बताया कि घटना की प्राथमिक जांच दौरान सेना एवं पुलिस को इंसास राइफल के 19 खोल मौके से मिले हैं। आशंका जताई जा रही कि उक्त घटना में चोरी की गई इंसास राइफल का इस्तेमाल किया गया है। घटना के बारे में सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जानकारी दी।

## दुनिया के टॉप-3 कोराना संक्रमित देशों में फिर आया भारत



**नई दिल्ली, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** कोरोना ने एक बार फिर देश की चिंता बढ़ा दी है। हर रोज संक्रमितों के आंकड़े तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। आलम ये है कि भारत एक बार फिर उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जहां हर रोज सबसे ज्यादा संक्रमित मिल रहे हैं। इस सूची में भारत तीसरे नंबर पर है। इसी तरह देश में मौत के आंकड़े भी तेजी से बढ़ने लगे हैं। हर रोज होने वाली मौतों के मामले में भी भारत दुनिया के टॉप-10 देशों में शामिल है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या ये चौथी लहर की आहट है? क्या फिर से देश में लॉकडाउन लग सकता है? अभी कोरोना की क्या स्थिति है? केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले सात दिन के अंदर देश में 42 हजार से ज्यादा लोग संक्रमित पाए गए हैं। इस बीच, 97 लोगों की संक्रमण के चलते मौत भी हुई है। मंगलवार को एक दिन के अंदर सात हजार 830 लोग संक्रमित पाए गए हैं, जो कि 223 दिन में सबसे ज्यादा हैं। इसी के साथ देश में एक्टिव केस की संख्या भी बढ़कर 40 हजार के पार हो गई है। अब देश में 40 हजार 215 मरीज ऐसे हैं, जो संक्रमित हैं। ये या तो अस्पताल में भर्ती हैं या फिर घर पर रहकर अपना इलाज करा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मंगलवार को दो लाख 14 हजार 242 लोगों ने कोरोना का टेस्ट कराया था। इसमें 3.65 यानी 7,830 लोग संक्रमित पाए गए। आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में संक्रमण के चलते 16 लोगों की मौत भी हो गई। दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में दो-दो संक्रमितों ने जान गंवाई, जबकि उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र हरियाणा और गुजरात में एक-एक मौत दर्ज की गई। केरल में पांच मौतें दर्ज हुईं। देश में संक्रमण के चलते अब तक पांच लाख 31 हजार 16 लोगों की मौत हो चुकी है।

### क्या लॉकडाउन लगेगा?

डॉ. रजनीकांत ने लोगों के इस सवाल का भी साफ-साफ जवाब दे दिया। उन्होंने कहा कि देश में अभी हालत बिल्कुल ठीक है। ऐसे में लॉकडाउन लगने का कोई सवाल ही नहीं उठता है। सूत्रों के मुताबिक, देश में कोरोनावायरस अब खत्म होने की कगार पर है। यह जल्द ही सर्दी-जुकाम जैसे वायरल जैसा हो जाएगा। अगले 10 दिनों तक कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जाएगी। इसके बाद मामले कम होने लगेंगे। बताया गया कि देश में भले ही कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं, अस्पताल में भर्ती होने के हालात कम बन रह हैं। मामलों में मौजूदा वृद्धि बीबी1.16 वैरिएंट की वजह से हो रही है। यह ओमिक्रॉन का सब-वैरिएंट है।

### कोरोना के ये आंकड़े भी जान लीजिए

एक सितंबर 2022 के बाद मंगलवार को सबसे ज्यादा सात हजार 946 लोग संक्रमित पाए गए हैं। देश में अब तक चार करोड़ 47 लाख 76 हजार लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। अब तक संक्रमित हुए लोगों में 0.09 मरीज ऐसे हैं जिनका अभी इलाज चल रहा है। बाकी 98.72 प्रतिशत लोग ठीक हो चुके हैं। 1.19 प्रतिशत मरीजों की मौत हो चुकी है। देश में 220.66 करोड़ कोविड वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है।

### ये हैं दुनिया के पांच देश, जहां हर रोज सबसे ज्यादा मरीज मिल रहे

| देश | संक्रमित मरीज |
|---|---|
| दक्षिण कोरिया | 12 हजार + |
| जापान | 09 हजार + |
| भारत | 5-7 हजार |
| रूस | 3-6 हजार |
| ब्राजील | 3-5 हजार |

### क्या यह चौथी लहर की आहट है?

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर, गोरखपुर के निदेशक डॉ. रजनीकांत से हमने यही सवाल किया। उन्होंने कहा, 'अभी चौथी लहर की कोई आहट नहीं है। देश में ज्यादातर लोगों को कोरोना की वैक्सीन लग चुकी है। इसलिए डरने की नहीं बल्कि बचाव की जरूरत है। प्रिवेंशन के लिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए।' डॉ. रजनीकांत ने कहा, 'हर किसी को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। अगर किसी में कोई लक्षण मिलता है तो उसे तुरंत जांच करवाना चाहिए। इसके अलावा लक्षण मिलने पर मास्क जरूर पहनें।'

## गंगा नदी के नीचे पहली मेट्रो ट्रेन चलाकर रचा इतिहास

**कोलकाता, 12 अप्रैल(एजेंसी)।** कोलकाता मेट्रो ने गंगा (हुगली) नदी के नीचे से पहली मेट्रो रैक को हावड़ा मैदान तक ले जाकर इतिहास रच दिया। लंबे इंतजार के बाद बुधवार को देश की पहली मेट्रो ट्रेन गंगा नदी के नीचे से दौड़ी। भारत में यह पहली अंडरवाटर मेट्रो परियोजना है। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बने कोलकाता मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी। कोलकाता के महाकरण से हावड़ा मैदान स्टेशन तक मेट्रो रेल की रैक नंबर टफ612 ने पहली यात्रा की। इस रैक ने हुगली नदी को पूर्वाह्न 11.55 बजे पार किया। इस दौरान रेड्डी के साथ मेट्रो के अतिरिक्त महाप्रबंधक एचएन जायसवाल, कोलकाता मेट्रो रेलवे कारपोरेशन लिमिटेड (केएमआरसीएल) के एमडी समेत मेट्रो के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। ट्रेन के पहुंचने के बाद रेड्डी ने हावड़ा स्टेशन पर पूजा की। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने बताया कि बाद में रैक नंबर एमआर-613 को भी हावड़ा मैदान स्टेशन ले जाया गया। इसे ऐतिहासिक घटना बताते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक ट्रायल रन अगले सात महीनों तक चलेगा और इसके बाद इस खंड पर नियमित सेवाएं शुरू हो जाएंगी। केएमआरसीएल के सभी कर्मचारी, इंजीनियर जिनके प्रयासों और देखरेख में इस इंजीनियरिंग चमत्कार को हासिल किया गया है, वे खुश हैं कि उनका सपना सच हो गया है।